◆ वर्ष - 35 ◆ अंक57 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 5 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज

3 69 हजार शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आवास घेरा
4 मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप "सिटी ऑफ नॉलेज" बन रहा गोरखपुर
5 कुशीनगर के शिक्षक सुनील त्रिपाठी राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित
6 विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा का सदृस्य बनना सौभाग्य की बात : अतुल गर्ग
7 विधायक विश्वनाथगंज एवं जिलाधिकारी द्वारा नवनिर्मित 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया गया लोकार्पण,

## मोदी सरकार में बदली पैरा एथलीटों की स्थिति, अब वैश्विक स्तर पर कर रहे देश को गौरवान्वित

नई दिल्ली, 04 सितंबर (हि.स.)। ऐसे कई अवसर रहे हैं, जब दिव्यांगों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष लगाव सबके सामने आया है। विशेष रूप से जिस प्रकार उन्होंने



दिव्यांग खिलाड़ियों का साथ दिया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। खासकर उन्होंने एथलीटों का वर्णन करने के लिए "दिव्यांग" शब्द को अपनाया है, जो उनकी विकलांगताओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उनकी असाधारण क्षमताओं और प्रतिभाओं पर जोर देता है।

मोदी सरकार ने दिव्यांग एथलीटों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने, बाधाओं को तोड़ने और खेल के क्षेत्र में समान अवसरों की वकालत करने के लिए काम किया है। इस पहल के मूल में दिव्यांग खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण है।

सरकार ने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि खेल सुविधाएँ दिव्यांग एथलीटों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। यह न केवल उनके प्रशिक्षण को सुविधाजनक बनाता है बल्कि व्यापक खेल समुदाय में समावेशिता को भी बढ़ावा देता है। दिव्यांग एथलीटों को मुख्यधारा के खेल कार्यक्रमों में शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है।

सरकार ने विशेष प्रशिक्षण और कोचिंग प्रदान करने के लिए खेल संगठनों के साथ सहयोग किया है, जिससे ये एथलीट उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सकें। मोदी प्रशासन ने दिव्यांग व्यक्तियों के बीच प्रतिभा की खोज और पोषण को बढ़ावा देने वाली पहलों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें अपने सक्षम समकक्षों के समान अवसरों तक पहुंच प्राप्त हो। दिव्यांग एथलीटों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, मोदी सरकार ने खेल संगठनों में सकारात्मक कार्रवाई की नीतियों को लागू किया है।

इसमें राष्ट्रीय टीमों में आरक्षित स्थान बनाना, दिव्यांग खिलाड़ियों की भर्ती के लिए खेल क्लबों को प्रोत्साहित करना और विकलांग एथलीटों से संबंधित रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों को चुनौती देने वाले जागरुकता अभियानों को बढ़ावा देना शामिल है।

दिव्यांग खिलाड़ियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता भी दी गई है।

मोदी सरकार के आने से पहले पैरा एथलीटों की स्थिति खराब थी

मोदी सरकार के आने से पहले पैरालिंपिक में भारत की स्थिति काफी खराब थी। अगर इतिहास पर नजर डालें तो इतिहास खुद-ब-खुद पैरा एथलीटों को लेकर पुरानी सरकारों की सोच को उजागर करता है।

भारत ने 1960 से लेकर 2012 तक जीते केवल आठ पदक

यदि पैरालिंपिक के इतिहास पर नजर डाला जाए तो भारतीय एथलीट कुछ खास नहीं कर सके थे। ओलंपिक डॉट काम के अनुसार 1960 से लेकर 2012 तक भारत ने केवल 8 पदक जीते थे, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं, इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उस समय की सरकारों का पैरा एथलीटों को लेकर क्यो सोच और योजनाएं रही होंगी।।

अब हुआ बड़ा बदलाव

इसके बाद 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से पैरा एथलीटों की स्थिति और उनके प्रदर्शन में भी सुधार आया। 1960 से लेकर 2012 तक केवल 8 पदक जीतने वाले भारतीय दल ने 2016 में दो स्वर्ण सहित 4 पदक और 2020 टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित 19 पदक जीते।

2016 से लेकर टोक्यो 2020 तक जीते 23 पदक

रियो में 2016 संस्करण में भारत ने केवल 04 पदक जीते थे। इस वर्ष केवल 19 एथलीटों ने भाग लिया था और भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक कांस्य और एक रजत पदक जीते थे। वे 43वें स्थान पर थे।

टोक्यो 2020 खेलों में भारत ने 54 पैरा-एथलीटों को मैदान में उतारा था। नौ स्पधाओं में पांच स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीते थे, जो भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

पेरिस पैरालिंपिक में अब तक भारतीयों का रहा है शानदार प्रदर्शन

पेरिस में चल रहे मौजूदा पैरालिंपिक की बात करें तो भारतीय एथलीटों का अब तक का सफर काफी शानदार रहा है। भारत ने मौजूदा पैरालिंपिक में अब तक 20 पदक जीते हैं, जिनमें 3 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।

मोदी सरकार की दिव्यांग खिलाड़ियों के हितार्थ चलाई गई योजनाएं

सुगम्य भारत अभियान: दिव्यांग व्यक्तियों के लिए खेल सुविधाओं सहित सार्वजनिक स्थानों और परिवहन को सुलभ बनाना।

खेलो इंडिया योजना: विकलांग एथलीटों के लिए संभावित प्रावधानों के साथ जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और सभी आयु समूहों में खेल प्रतिभाओं के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए।

दिव्यांग खेलों के लिए अटल बिहारी प्रशिक्षण केंद्र

विकलांग खेलों के लिए अटल बिहारी प्रशिक्षण केंद्र विकलांग व्यक्तियों को खेलों में समान अवसर प्रदान करने, उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने और विभिन्न खेल विषयों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

मोदी सरकार ने 2024 पैरालिंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों के लिए ओलंपिक दल के बराबर सुविधाएं और प्रशिक्षण सुनिश्चित की

सरकार ने पैरालिंपियनों के लिए ओलंपिक दल के बराबर सुविधाएं और प्रशिक्षण सुनिश्चित किया है, जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

पैरा-एथलीटों के प्रशिक्षण, उपकरण और विदेशी प्रदर्शन के लिए सहायता प्रदान की गई। सभी खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से साई केंद्रों या निजी अकादमियों में अभ्यास करते हैं। सरकार ने 110 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की सुविधा प्रदान की है।

सरकार ने पैरालिंपिक पदक संभावितों के लिए लगभग 22 करोड़ रुपये और 12 योग्य विषयों के लिए 74 करोड़ रुपये खर्च किए

पेरिस पैरालिंपिक चक्र के लिए समर्थन और सहायता के लिए सरकार द्वारा पैरालिंपिक पदक संभावितों के लिए लगभग 22 करोड़ रुपये और 12 योग्य विषयों के लिए 74 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

खेल गांव में भी पैरा-एथलीटों को मिली विशेष सुविधाएं

ओलंपिक दल की तरह ही खेल गांव में पहली बार खेल विज्ञान उपकरणों के साथ एक समर्पित रिकवरी सेंटर बनाया गया है। साथ ही, पैरा-एथलीटों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनके निजी कोच और खेल विशेषज्ञों के लिए 30 प्रतिशत सहायक कर्मचारियों की सीमा के मुकाबले 100 प्रतिशत से अधिक सहायक कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

इसके अतिरिक्त, पेरिस में अत्याधुनिक भारतीय रिकवरी सेंटर में, एथलीटों को विशेष रूप से साई द्वारा तैयार और वितरित किए जाने वाले स्नैक्स मिलते हैं, जैसे कि एनर्जी बार, प्रोटीन मिश्रण और बहुत कुछ, जो उनके प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक चुने गए हैं।

हाल ही में यह तीसरा मौका है जब भारतीय पैरालंपिक दल देश के ओलंपिक दल से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने ओलंपिक की तरह पैरालंपिक दल को भी अपना समर्थन दिया है और भारत ने इस बार पैरालंपिक में भाग लेने के लिए 84 एथलीटों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है, जिनमें 34 महिलाएं हैं।

इनमें से 59 एथलीट टॉप्स के तहत समर्थित हैं, 17 रअक ठउडए के नियमित एथलीट हैं और बाकी को खेलो इंडिया योजना के तहत सरकार द्वारा समर्थित किया जाता है।

## आईसीजी के एएलएच ध्रुव बेड़े की उड़ान पर रोक लगी, सुरक्षा जांच के आदेश

-अरब सागर में गिरे एएलएच ध्रुव के लापता चालक दल के दो सदस्यों के शव मिले
-जांच के दौरान उड़ान नियंत्रण और ट्रांसमिशन सिस्टम पर किया जाएगा फोकस

नई दिल्ली, 04 सितम्बर (हि.स.)। पोरबंदर तट के पास अरब सागर में गिरे भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के एएलएच ध्रुव का मलबा बरामद होने के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान चालक दल के दो सदस्यों के शव मिल गए हैं। इसके बाद आईसीजी ने अपने एएलएच ध्रुव बेड़े की सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें उड़ान नियंत्रण और ट्रांसमिशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। घटना की गहन जांच होने तक मल्टी मिशन हेलीकॉप्टरों की उड़ानों पर रोक लगा दी गई है।



गुजरात में चक्रवाती मौसम के दौरान बिगड़े हालातों का मुकाबला करने और राहत एवं बचाव कार्य के लिए भारतीय तटरक्षक बल के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव को लगाया गया था। दो सितंबर की रात लगभग 11 बजे मेडिकल निकासी मिशन पर निकले एएलएच हेलीकॉप्टर में दो पायलट और दो गोताखोर सवार थे। ऑपरेशन के दौरान इन्हें समुद्र में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर निकासी के लिए पोत के पास पहुंच रहा था। इसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान 03 सितम्बर को हेलीकॉप्टर का मलबा मिल गया और एक गोताखोर को बरामद कर लिया गया। हेलीकॉप्टर के दोनों लापता पायलटों और एक गोताखोर की तलाश में 04 जहाजों और दो विमानों को लगाया गया।

भारतीय तटरक्षक बल ने लापता कमांडेंट राकेश राणा, सह-पायलट डिप्टी कमांडेंट विपिन बाबू और एक अन्य फ्लाइट डाइवर के शव बरामद किए हैं, जो ध्रुव उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच एमके-क्क्क) के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता हो गए थे। घटना के मद्देनजर तटरक्षक बल ने उड़ान नियंत्रण और ट्रांसमिशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने एएलएच बेड़े का एक बार सुरक्षा निरीक्षण करने का आदेश दिया है। बेड़े को अस्थायी रूप से जमीन पर उतार दिया गया है। तटरक्षक बल 16 एएलएच संचालित करता है, जिन्हें बेंगलुरु स्थित विमान निमार्ता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने डिजाइन और विकसित किया है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि तटरक्षक बल के पोरबंदर स्थित 835 स्क्वाड्रन का हेलीकॉप्टर (टेल नंबर सीजी 863) समुद्र में नाक के बल गिरा था। सभी तटरक्षक इकाइयों और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को भेजे गए आदेश में अगली उड़ान से पहले आईसीजी ध्रुव बेड़े की जांच करके रिपोर्ट कोस्ट गार्ड मुख्यालय को भेजने के लिए कहा गया है। सुरक्षा निरीक्षण में कई तकनीकी जांच को दायरे में रखा गया है, जिससे हेलीकॉप्टरों पर स्थापित उन्नत नियंत्रण प्रणाली से उनकी उड़ान योग्यता में सुधार हो सके।

दरअसल, भारतीय सेना के ध्रुव बेड़े को पिछले साल कई दुर्घटनाओं के बाद डिजाइन की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके कारण उड़ान सुरक्षा रिकॉर्ड पर सवाल उठने लगे थे। उस समय सेना के ध्रुव बेड़े की उड़ान पर रोक लगाई गई थी। इसके बाद हेलीकॉप्टर के बूस्टर कंट्रोल रॉड की व्यापक डिजाइन समीक्षा की गई, जिसके बाद प्रत्येक एएलएच में दोषपूर्ण मौजूदा रॉड को नई रॉड से बदलने का अभियान चलाया गया।

अब आईसीजी के ध्रुव हेलीकॉप्टर के साथ यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब पिछले साल कई दुर्घटनाओं के बाद सेना के एएलएच बेड़े की एचएएल ने सुरक्षा जांच पूरी कर-के बेड़े को अपग्रेड कर दिया है। सशस्त्र बल लगभग 330 ट्विन-इंजन एएलएच संचालित करते हैं।

## सरकार का लक्ष्य भारतीय अल्कोहल का निर्यात एक अरब डॉलर तक पहुंचाना: एपीडा

-एपीडा ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल के तहत मादक पेय पदार्थों के निर्यात को देगा बढ़ावा

नई दिल्ली, 04 सितंबर (हि.स.)। केंद्र सरकार भारतीय स्पिरिट्स (शराब) की दुनियाभर




में बढ़ती मांग को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अल्कोहल युक्त और बिना अल्कोहल वाले पेय पदार्थों (ड्रिंक्स) को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में इसके निर्यात को एक अरब यूएस डॉलर (करीब 8,000 करोड़ रुपये) तक पहुंचाना है।

वाणिज य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि भारतीय स्पिरिट्स की बढ़ती वैश्विक मांग विकास के लिए अवसर प्रस्तुत कर रही है। मंत्रालय के मुताबिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) अगले कुछ वर्षों में एक अरब डॉलर के निर्यात राजस्व के लक्ष्य के साथ वैश्विक स्तर पर भारतीय मादक और गैर-मादक पेय पदार्थों को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल के हिस्से के रूप में एपीडा प्रमुख विदेशी गंतव्यों को भारतीय स्पिरिट्स के निर्यात को बढ़ाने का लक्ष्य बना रहा है। फिलहाल भारत मादक पेय पदार्थों के निर्यात के लिए दुनिया में 40वें स्थान पर है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय स्पिरिट्स के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में गोडावन सिंगल माल्ट व्हिस्की को यूनाइटेड किंगडम में लॉन्च किया जाएगा, जो भारत के राजस्थान में बनी एक कलात्मक सिंगल माल्ट व्हिस्की है।

मंत्रालय के मुताबिक गोडावन की पहली खेप को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और डियाजियो पीएलसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेबरा क्रू, एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव और डियाजियो इंडिया की प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं सीईओ हिना नागराजन तथा अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना किया गया है। इससे पहले गोडावन सिंगल माल्ट व्हिस्की ने एपीडा के तहत मार्च 2024 में लंदन में आयोजित अंतरराष ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में भाग लिया था और गोडावन का प्रचार-प्रसार किया था।

उल लेखनीय है कि देश का अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों का निर्यात वित त वर्ष 2023-24 में 2,200 करोड़ रुपये से अधिक रहा। इसमें सबसे अधिक निर्यात संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, नीदरलैंड, तंजानिया, अंगोला, केन्या और रवांडा जैसे देशों को किया गया था।

## ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ड्रोन क्षमता दिखाने के लिए सेना ने लांच किये दो नए कार्यक्रम

नई दिल्ली, 04 सितम्बर (हि.स.)। भारतीय सेना काफी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपनी ड्रोन क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए दो नए कार्यक्रम लांच करने जा रही है। सैन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके ऊंचाई वाले क्षेत्रों में संचालित किये जाने वाले इन दोनों कार्यक्रमों का खुलासा बुधवार को हुआ है। इस कार्यक्रम को चीन सीमा पर लेह के पास 4000-5000 मीटर की ऊंचाई पर वास्तविक इलाके और पर्यावरणीय परिस्थितियों में आयोजित करने की योजना है।

आर्मी डिजाइन ब्यूरो के अपर महानिदेशक मेजर जनरल सीएस मान ने बताया कि भारतीय सेना सियाचिन ग्लेशियर की बफीर्ली ऊंचाइयों से लेकर बीहड़ हिमालय तक तैनात है, जहां सैनिकों को रोजाना कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। दुर्लभ वातावरण के कारण ड्रोन के हवा में उड़ने की क्षमता कम हो जाती है और इंजन का प्रदर्शन खराब हो जाता है। अत्यधिक ठंडे तापमान और तेज हवा की गति से यह समस्या और भी बढ़ जाती है। ये स्थितियां भारतीय सेना के लिए ठीक नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रणालियों की जरूरत महसूस की गई, जो इन विपरीत परिस्थितियों में भी पर्याप्त रूप से कार्य कर सकें।

उन्होंने बताया कि भारत के अलावा इतनी ऊंचाई वाले युद्धक्षेत्र कहीं और नहीं हैं, इसलिए स्वदेशी समाधान ही आगे बढ़ने का रास्ता है। यदि स्वदेशी ड्रोन उद्योग सफल होता है तो अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भी व्यापार के रास्ते खुलेंगे, जिससे भारत विश्वसनीय ड्रोन विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। मेजर जनरल मान ने दो नए ऐतिहासिक कार्यक्रमों 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' और 'हिमटेक-2024' का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों ऐतिहासिक कार्यक्रम काफी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपनी ड्रोन क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किये गए हैं। भारतीय ड्रोन उद्योग के लिए 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' कार्यक्रम 17-18 सितंबर को लेह के पास वारी ला में होगा। इसके बाद 20-21 सितंबर को हिमटेक-2024 आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि यह दोनों ऐसे कार्यक्रम हैं, जिन्हें ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैन्य प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करने के लिए लांच किया जा रहा है। 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए भारतीय सेना के लिए ड्रोन समाधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसे 4000-5000 मीटर की ऊंचाई पर वास्तविक इलाके और पर्यावरणीय परिस्थितियों में आयोजित करने की योजना है। इसी तरह उत्तरी सीमा पर परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए हिमटेक-2024 पहली बार लेह में होगा। दोनों कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के लिए अब तक 25 से अधिक ड्रोन निमार्ता कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। सभी कंपनियां अपनी-अपनी क्षमताओं को साबित करने के लिए अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में बहुआयामी प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

मेजर जनरल सीएस मान ने बताया कि स्वदेशी ड्रोन निमार्ताओं को निगरानी ड्रोन, युद्ध सामग्री, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, स्वार्म ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, सिंथेटिक एपर्चर रडार, कम्युनिकेशन इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस वाले ड्रोन का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। फिक्की के सहयोग से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम न केवल ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए विकसित नई पीढ़ी के उपकरणों का प्रदर्शन करेगा, बल्कि नए प्रौद्योगिकी डेवलपर्स के लिए लेह को नए व्यापार स्थल के रूप में भी पेश करेगा। इस प्रौद्योगिकी का उपयोग केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में नागरिक उपयोग के लिए भी किया जा सकता है।

## कैंसर के इलाज को बेहतर बना सकता है नैनोथेरेपी का विकल्प: शोध

नई दिल्ली, 4 सितंबर (हि.स.)। दुनियाभर में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए नई उपचार विधियों की आवश्यकता भी बढ़ रही है। कीमोथेरेपी और सर्जरी जैसे पारंपरिक उपचारों की अपनी सीमाएँ हैं, जिनमें दवा प्रतिरोध और गंभीर दुष्प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए नैनोथेरेपी जैसे नवीन उपचार विकसित हो रहे हैं, जिसके कम दुष्प्रभाव हैं।

इसी क्रम में शोधकताओं ने प्रभावी चुंबकीय हाइपरथर्मिया-आधारित कैंसर थेरेपी के लिए हीट शॉक प्रोटीन 90 अवरोधक (एचएसपी90आई) के साथ अल्ट्रा-छोटे चुंबकीय नैनोकणों (एमडी) की आवश्यक खुराक के संयोजन का उपयोग किया है। यह तकनीक आवश्यक कीमोथेरेपी खुराक को कम कर-के उपचार की प्रभावकारिता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है, जो एक सहायक चिकित्सा के रूप में काम करती है जो दुष्प्रभावों को कम करती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी), मोहाली के वैज्ञानिकों ने दिखाया है कि एक संयोजन चिकित्सा गर्मी आधारित कैंसर उपचार की प्रभावशीलता में सुधार कर सकती है। इसमें संयोजन रणनीति शामिल है जो चुंबकीय हाइपरथर्मिया-आधारित कैंसर थेरेपी (एमएचसीटी) के साथ हीट शॉक प्रोटीन 90 (एचएसपी 90) के अवरोधक 17-डीएमएजी का उपयोग करती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार अनुसंधान दल ने प्रदर्शित किया कि एमएनपी, जब एक वैकल्पिक चुंबकीय क्षेत्र (एएमएफ) के संपर्क में आता है, तो ट्यूमर से प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। एसीएस नैनो में प्रकाशित विधि कम आक्रामक है और कम दुष्प्रभाव पैदा करती है।

मंत्रालय का कहना है कि नई चिकित्सा के नैदानिक अनुप्रयोग को समझने और वैकल्पिक कैंसर चिकित्सा विकसित करने के लिए व्यापक वैश्विक शोध की आवश्यकता है। यह अध्ययन अधिक कुशल और सहनीय कैंसर-विरोधी उपचारों का मार्ग प्रशस्त करता है, लाखों रोगियों को पर्याप्त लाभ प्रदान करता है और हाइपरथर्मिया-आधारित उपचारों के लिए नई दिशाएँ प्रदान करता है।

## दिल्ली रेल मंडल के पलवल में नान इंटरलॉकिंग से प्रभावित होंगी 721 ट्रेनें

मुरादाबाद, 04 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि दिल्ली रेल मंडल डिवीजन के पलवल स्टेशन पर पलवल-न्यू पृथला (डीएफसीसी) यार्ड के बीच रेल संपर्क के संबंध में नान-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 721 रेलगाड़ियां प्रभावित होंगी। सीपीआरओ ने आगे बताया कि दिल्ली डिवीजन में 4 सितम्बर से 17 सितम्बर के बीच विभिन्न तिथियों में 414 ट्रेनें अस्थायी रूप से निरस्त, 257 डायवर्सन, 24 रीशेड्यूल, 24 विनियमित और 2 शार्ट टर्मिनेशन रहेंगी।

## सम्पादकीय

# बुलडोजर नहीं चलेगा

हालांकि यह कानून की स्थिति है, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका उल्लंघन हो रहा है। हम अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। कोई व्यक्ति, किसी भी केस में, आरोपित है अथवा सजायाफ्ता भी हो सकता है, किसी का बेटा अड़ियल या अपराधी हो सकता है, लेकिन किसी भी सूरत में बुलडोजर चला कर उसका घर नहीं गिराया जा सकता। यह लोकतांत्रिक नहीं, मध्यकालीन, कबिलाई इंसाफ है। घर किसी के भी मानवाधिकार से जुड़ा है। यह मौलिक अधिकार भी है। आप ह्यन्यायह्ल के नाम पर किसी का आशियाना नहीं छीन सकते। घर में आरोपी या अपराधी के अतिरिक्त और भी परिजन रहते हैं। वे अचानक सडक पर क्यों आएं? उन्होंने तो कोई अपराध नहीं किया। यह अपराध और दंड की किसी भी परिभाषा में नहीं है कि अपराधी के साथ-साथ उसके घरवाले भी सजा भुगतें। यदि निर्माण अवैध है, तो कानूनन कार्रवाई की जानी चाहिए। घर का ध्वस्त करना बिल्कुल भी कानूनन कार्रवाई नहीं है। अब समय आ गया है कि बुलडोजर एक्शन के मद्देनजर दिशा-निर्देश तय किए जाएं, जो देश भर में प्रभावी और लागू हों।ह्व सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन ने ह्यबुलडोजर न्यायह्ल पर सुनवाई के दौरान जो महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं, यह उनका सारांश है। न्यायाधीशों प्रथमदृष्ट्या बुलडोजर चला कर घर, मकान, संपत्तियां ढहा देने की सरकारी कार्रवाई को ह्यकानूनसम्मतह्ल नहीं मानते। यह शुरूआती फैसले की बुनियादी सोच है और इसके जरिए शीर्ष अदालत ने ह्यबुलडोजर न्यायह्ल पर हथौड़ा मारा है। अदालत में सुनवाई जारी है और आगामी तारीख 17 सितंबर है। न्यायिक पीठ ने सभी पक्षों के सुझाव मांगे हैं, ताकि अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तय किए जा सकें।

दरअसल भारत में ह्यबुलडोजर कार्रवाईह्ल की शुरूआत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। 2017 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने बुलडोजर को कानून-व्यवस्था के साथ जोड़ दिया, ताकि अपराधी और माफिया खौफ खा सकें। योगी ने कुछ कुख्यात माफियाजनों के घरों, मकानों, संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा कर उन्हें ह्यमलबाह्ल बना दिया। यह कार्रवाई करते हुए एक ह्यविशेष समुदायह्ल को ज्यादातर निशाना बनाया गया, लिहाजा ह्यजमीयत उलेमा-ए-हिंदह्ल ने सर्वोच्च अदालत में याचिका देकर इसी बिंदु पर जोर दिया कि अधिकतर मुसलमानों को निशाना बनाया गया है और यह ह्यविध्वंसकारी प्रक्रियाह्ल अब भी जारी है। ह्यबुलडोजर न्यायह्ल का मप्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 2018 में, राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने और महाराष्ट्र की ह्यमहाविकास अघाड़ीह्ल की उद्धव ठाकरे सरकार ने इस्तेमाल किया। उप्र के अलावा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, असम और मप्र की भाजपा शासित सरकारें भी खूब बुलडोजर चलवा रही हैं। आश्चर्य है कि भारत सरकार को इन कवायदों में कुछ ह्यअमानवीयह्ल नहीं लगा और न ही कोई निर्देश दिए गए कि ऐसा करना गैर-कानूनी है। 2020 और 2022 के बीच 12,640 कथित अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलवाए गए हैं। अब तो यह आंकड़ा और भी बहुत बढ़ गया होगा। दिल्ली में जूस की एक दुकान से लेकर राजस्थान के टेम्पो ड्राइवर तक और मप्र में बोझ लादने या उतारने वाले मजदूर तक के संदर्भ में बुलडोजर चले हैं और संपत्तियां ढहाई गई हैं। बीते अगस्त में ही राजस्थान के उदयपुर में दो बच्चों की चाकूबाजी हो गई। उसमें 10वीं में पढऩे वाले आरोपित बच्चे के घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया। सरकार की अनदेखी देखिए कि वह घर किराए का था।

उज्जैन और इंदौर में भी दो मामले सामने आए हैं, जिनमें बुलडोजर चलाए गए, लेकिन अदालत ने उन्हें बेकसूर माना। सवाल है कि इस तरह आंख मूंद कर और विवेक को दफन कर सरकारें बुलडोजर चलवाती रहेंगी, तो बेकसूर होने की स्थिति में क्या मुआवजा देना पड़ेगा? क्या अदालतें मुआवजे के लिए सरकारों को बाध्य करेंगी? ह्यजमीयत उलेमा-ए-हिंदह्ल के अलावा पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वामपंथी नेता वृंदा करात और कुछ अन्य संस्थाओं ने भी सर्वोच्च अदालत में याचिकाएं दी हैं। उन सबकी एक साथ सुनवाई हो रही है। बुलडोजर एक क्रूर और अन्यायपूर्ण कार्रवाई है। उसे न्याय का पर्याय करार देकर इंसाफ को अपमानित नहीं करना चाहिए। हम 21वीं सदी में हैं। अवैध निमार्णों की कोई गिनती नहीं है और न ही वे उप्र तक सीमित हैं। आधी दिल्ली ह्यअवैधह्ल और अनधिकृत है। बुलडोजर कहां तक चलाएंगे? सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्यायसंगत नहीं है। यहां तक कि दोषी पर भी अगर ऐसी कार्रवाई करनी हो तो उसमें भी कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए।

# जनकल्याण में जुटी मोदी सरकार

डॉ. लोकेश कुमार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कार्य में जुटी है। मोदी सरकार गरीब को भोजन, आवास, रसोई गैस, स्वास्थ्य, किसानों को आत्मसम्मान, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को अपना रोजगार चलाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवा रही है। देश की आजादी के बाद कई दशकों से गरीब का घर अंधेरा में था, आज उसमें खुशियों के चिराग जल रहे हैं। यह सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ रात-दिन एक करके देश के गरीब वंचित लोगों के सहयोग में जुटी हुई है। इन योजनाओं का लाभ शहरी नहीं बल्कि दूर दराज में बैठे ग्रामीण भी उठा रहे हैं। क्योंकि सरकार बैंकों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा पहुंचा रही है। इस लाभ के बीच में किसी का दखल नहीं है, ना कोई बिचौलिया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि ह्यह्य मैं केन्द्र से एक रुपया भेजता हूं, वह आप तक 10 पैसे ही पहुंच पाता है।ह्यह्य मोदी सरकार ने इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान एक ऐसा अभियान है, जिसने अपने सांगठनिक ढांचे को सम्पूर्ण भारत में मजबूत कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह योजनाएं गरीब के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति के नाम जमीन होनी चाहिए। इस योजना का मकसद उन किसान परिवारों की आय बढ़ाना है, जिनके पास खेती योग्य जमीन है। उसकी भूमि दो एकड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए, दो एकड़ से अधिक भूमि वाला किसान योजना से वंचित रहेगा। यह योजना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से 24 फरवरी, 2019 से प्रारंभ हुई। अभी हाल ही में 18, जून 2024 को 17 वीं किश्त जारी कर दी गई। इस योजना में हर चार महीने में दो हजार रुपये वित्तीय लाभ किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड में बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। एक वर्ष में कुल छह हजार रुपये किसानों को भेजे जाते हैं।इस योजना का 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इससे किसानों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है, भारत का जीडीपी में सुधार आता है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

मोदी सरकार ने महिलाओं को मिट्टी के चूल्हें से आंखें खराब होने से बचाने के लिए 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर और चूल्हे वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से सरकार महिला सषक्तीकरण को बढ़ावा देना है।उत्तर प्रदेष के बलिया से 1 मई, 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा हो जाती है। अगस्त में कैबिनेट की मीटिंग में 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी गई। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 450 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना का लाभ बिना किसी धर्म और जाति के साथ भेदभाव के बिना गरीब को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना

मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4.21 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का शुभारंभ 25 जून, 2015 को हुआ। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में निर्णय लिया है कि आवास की जरूरत को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को आवास बनाने में मदद की जाएगी।

इस योजना के माध्यम से गरीब और बेघर लोगों को आवास की सुविधा प्रदान कराई जाती है। योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थियों को अपना खुद का घर बनवाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना से गरीब का घर बनाने का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। इससे चार करोड से अधिक परिवारों को सिर पर छत मिली है। उनको भी अपना एक आशियाना बना है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

मोदी सरकार ने खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना 26 मार्च, 2020 को भारत में कोविड-19 की महामारी के दौरान प्रारंभ की। इस योजना के माध्यम से 81.35 करोड़ लोगों अर्थात (56.81) आबादी को इसका लाभ मिल रहा है। इसमें एक लाभार्थी पांच किलो गेहूं या पांच किलो चावल, एक किलो दाल निशुल्क खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से वितरित किया जा रहा है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है। इस योजना के तहत सभी प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के तहत पहचाने जाने वालों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अनाज उपलब्ध कराकर भारत के सबसे गरीब नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना का लक्ष्य कोई गरीब भूखा नहीं सोए। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व आयुष्मान भारत योजना इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखण्ड के रांची से 23 सितम्बर,2018 को किया। यह योजना आम आदमी को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देने के लिए शुरू की गई है, जो आज परचम फैला रही है। देश में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आज गरीब व्यक्ति को पैसे के अभाव में दम तोड़ने के लिए नहीं छोड़ा गया है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को वर्ष में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इस योजना में इलाज सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल में कहीं भी मिल सकता है। यह योजना कैश लेस है। इस योजना में मरीज के भर्ती होने से सात दिन तक की जांचें फ्री होती है,भर्ती के दौरान इलाज और भोजन मुफ्त, डिस्चार्ज होने के 10 दिन बाद तक चेकअप और दवाएं मुफ्त, परिवार के आकार, आयु और लिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं हैं। इस योजना के तहत कैंसर और हृदय रोग सहित 1300 बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाता है। यह लाभ उन परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख से कम हो।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को स्वयं का रोजगार चलाने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 8 अप्रेल, 2015 को प्रारंभ की गई। इससे युवा अपना स्वयं का उद्यम चला सके। इसके लिए ऋण पाने के लिए मुद्रा लोन योजना षुरू की। इसमें बैंक से बिना किसी एजेंट या बिचौलिया, आयकर रिटर्न से छुटकारे की सुविधा दी गई। इसमें 5 लाख रुपए तक की क्रेडिट सीमा के लिए ऋण आवेदनों का निपटारा 2 सप्ताह के अंदर किया जाने का प्रावधान किया। इसमें ऋणदाता को बैंको में कोलैटरल या सिक्योरिटी जमा कराने की आवश्यकता नहीं है, नाम मात्र की प्रोसेसिंग फीस और कम ब्याज दरों में ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए विशेष ब्याज दरों पर मुद्रा लोन उपलब्ध है। इस योजना में 10 लाख तक लोन दिया जाता था, उसकी लिमिट बजट 2024-25 में 20 लाख रुपये तक कर दी गई है। यह योजना के तहत 41 करोड़ ऋण खातों को लाभ मिला है। इसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमियां हैं और 51 फीसदी खाते एससी, एसटी और ओबीसी के हैं। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि सरकार लोककल्याणकारी राज्य के विस्तार के माध्यम से जनसरोकारों को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर जनता के दर्द और पीड़ा को समाप्त करने की मुहिम में जुटी है।

(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण

कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढऩे के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतरूधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संघ का संतुलित दृष्टिकोण

कृष्णमोहन झा

कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल पिछले कुछ महीनों से जातिगत जनगणना का मुद्दा उछाल कर देश भर में अपने पक्ष में हवा बनाने की जी तोड कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भाजपा ने अभी तक अपना कोई स्पष्ट दृष्टिकोण व्यक्त नहीं किया है परन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गत दिनों केरल के पलक्कड़ शहर में संपन्न अपनी अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं उनका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिये। संघ का मानना है कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है । राष्ट्रीय एकता और अखंडता की दृष्टि के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।।यदि आवश्यक हो तो सरकार जातिगत जनगणना करा सकती है लेकिन इस मुद्दे का चुनावी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य केवल पिछड़े समाज का कल्याण होना चाहिए। बैठक में संघ का स्पष्ट मत था कि जातीय विभाजन को रोकने का एक मात्र उपाय हिंदुत्व है।

गौरतलब है कि देश के विभिन्न स्थानों पर संघ की समय समय पर होने वाली बैठकों में अखिल भारतीय समन्वय बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। केरल के पलक्कड़ में संपन्न हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि कुछ समय पूर्व वायनाड में भूस्खलन से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बैठक के प्रारंभ में वायनाड हादसे में असमय ही मौत की शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में संघ के स्वयंसेवकों ने वायनाड में चल रहे राहत कार्यों में अपनी सहभागिता की जानकारी साझा की । संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद थे। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सहित संघ के 32 सहयोगी संगठनों के 320 प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

लोकसभा चुनाव के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व के जिन विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की । सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है।

बैठक में इस विषय जुड़े विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परोसी जाने वाली सामग्री की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि वे अश्लीलता न परोस सकें। इसमें दोराय नहीं हो सकती कि कोलकाता कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में संघ द्वारा सुझाए गए उपाय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संघ की समन्वय बैठक में बांग्लादेश देश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से बंगला देश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया। बैठक में बांग्लादेशा देश की ताजा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की गई। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने बताया कि बैठक में पंच परिवर्तन संकल्प के रूप में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे। बैठक में संघ के शताब्दी आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं।)

# तो क्या मदरसे जालसाजी और आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्र हैं ?

डॉ. आनंद सिंह राणा

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की चर्चित मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम जाली नोट छाप जाने के मामले में जांच के दायरे में है। जांच के क्रम में मदरसा को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। इस मदरसे में छापेमारी के दौरान पुलिस टीमों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी कई किताबें मिली हैं। मदरसे के प्रिंसिपल मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन के कमरे में आरएसएस पर लिखी गई आपत्तिजनक किताबें और तस्वीरें मिलने पर मामला गंभीर हो गया है। मदरसे के प्रिंसिपल के कमरे से उर्दू भाषा में भड़काऊ साहित्य पाया गया।

बरामद उर्दू साहित्य के अनुसार आरएसएस मुल्क में सबसे दहशतगर्द तंजीम है और बरामद किताब में आरएसएस के खिलाफ कई भड़काऊ लेख हैं, आरएसएस को किताब मे आतंकी संगठन बताया गया है। देश में हुए कई आतंकी घटनाओं का भी किताब में जिक्र किया गया है। महाराष्ट्र पुलिस के रिटायर्ड मुस्लिम पुलिस आधिकारी ने इस भड़काऊ किताब को लिखा है। जांच एजेंसियां उर्दू साहित्य से जुड़ी किताब की भी पड़ताल कर रही हैं। इन किताबों के जरिए मदरसे के बच्चों का ब्रेनवॉश किया जाता था। यूपी में मदरसों के आतंकी कनेक्शन को लेकर अक्सर आरोप लगाते रहते हैं, लेकिन संगम नगरी प्रयागराज के एक मदरसे से ऐसा सनसनीखेज खुलासा हुआ है, जो हैरान कर देने वाला है।

यह मदरसा नकली नोट छापने का कारखाना बना हुआ था। प्रयागराज पुलिस ने मदरसे से संचालित होने वाले नकली नोट छापने के गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। नकली नोट छापने का कारखाना बना यह मदरसा प्रयागराज शहर के अतरसुइया इलाके में स्थित है, मदरसे का नाम जामिया हबीबिया है,यहां बड़ी संख्या में छात्र तालीम हासिल करते हैं, मदरसे के एक हिस्से में मस्जिद भी है। दरअसल, मदरसे में 28 अगस्त को पुलिस ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए, छापेमारी के दौरान पुलिस को सिर्फ जाली नोट और जाली नोट छापने की मशीन ही नहीं मिली थी, बल्कि पुलिस को कुछ आपत्तिजनक किताबें भी मिली हैं, न्यूज एजेंसियो को पुलिस छापेमारी के दौरान की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं।ऐसी ही एक किताब इस मदरसे में मिली, जिसमें आरएसएस के विरुद्ध बातें लिखी हुई हैं।

ये किताब महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एसएम मुशर्रफ द्वारा लिखी गई है,जानकारी के लिए बता दें कि महाराष्ट्र के रिटायर्ड आईजी मुशर्रफ ने मुंबई 26/11 को लेकर भी कई आपत्तिजनक किताबें लिखीं थीं, ये सभी किताबें ऑनलाइन भी बिक रही हैं। अब प्रश्न उठता है कि संघ को आतंकी संगठन बताते हुए लिखी इस किताब का मकसद क्या था? इसकी पुलिस जांच कर रही है, लेकिन सूत्रों की मानें तो इस मदरसे में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों के नौजवान पढ़ने के लिए आते थे।

ऐसे में संघ के विरुद्ध जहर घोलने वाले किताब की मदरसे से बरामदगी और मदरसे में जाली नोट की फैक्टरी का क्या कनेक्शन है, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, पुलिस ये जांच भी कर रही है कि क्या मदरसे में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के दिमाग में संघ के विरुद्ध जहर तो नहीं भरा जा रहा था। पुलिस आरोपितों पर एनएसए लगाने की तैयारी में है।

(लेखक, इतिहास के प्राध्यापक एवं इतिहास संकलन समिति के पदाधिकारी हैं।)

# इविवि : प्रो.एनके शुक्ला कॉलेज डेवलपमेंट के अधिष्ठाता, प्रो.आशीष सक्सेना को एफआरसी की जिम्मेदारी

प्रयागराज, 04 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन विभाग के प्रो. एनके शुक्ला को कॉलेज डेवलपमेंट का डीन नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रो. आशीष सक्सेना को एफआरसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह जानकारी बुधवार को इविवि की जनसम्पर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने देते हुए बताया कि कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के अनुमोदन के बाद इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला को अधिष्ठाता कॉलेज डेवलपमेंट बनाया गया है। प्रो. एनके शुक्ला अब प्रो. पंकज कुमार का स्थान लेंगे। समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आशीष सक्सेना को फैकल्टी रिक्रूटमेंट सेल (एफआरसी) का निदेशक बनाया गया है। प्रो. आशीष सक्सेना अब प्रो. धनंजय यादव से पदभार ग्रहण करेंगे।

प्रो कपूर ने बताया कि इसी क्रम में कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रो. ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह जौहरी को एग्रो इकोनॉमिक्स रिसर्च सेंटर (एईआरसी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रो. जौहरी अब डॉ. जावेद अख्तर का स्थान लेंगे।

डॉ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव को गांधी विचार और शांति अध्ययन संस्थान का समन्वयक बनाया गया है। डॉ. अविनाश अब प्रो. राकेश सिंह के स्थान पर गांधी विचार और शांति अध्ययन संस्थान का कार्यभार संभालेंगे।

# राहुल गांधी के प्रति लोगों का बढ़ा है विश्वास, उनके विचारों को जन-जन तक ले जाना चाहिए : अजय राय

लखनऊ, 04 सितम्बर (हि.स.)। हम सभी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें आपसी सामंजस्य बनाकर काम करना




होगा।हमारे नेता राहुल गांधी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और इसका हम सभी को लाभ उठाते हुए उनके विचारों को जन-जन तक ले जाना चाहिए। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही।वे कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित समस्त फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व चेयरमैनों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

अजय राय ने कहा कि आप सभी लोग जनपदों में जाएं और वहां होने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महिलाओं के प्रति अत्याचार के मामलों को प्रमुखता से उठाया जाये। आज जनता आपकी ओर देख रही है ।हमें उनकी लड़ाई लड़नी होगी और यदि अब हम चूक गये तो समय हमारे हाथ से निकल जायेगा और इसके लिए जनता हमें माफ नहीं करेगी। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शिवहरे, एनएसयूआई मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान, सोशल मीडिया की उपाध्यक्ष शालिनी सिंह चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, आरटीआई प्रकोष्ठ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, अनीस अंसारीआदि मौजूद रहे।

# मौसम विभाग की चेतावनी लखनऊ समेत 62 जनपदों में तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा की चेतावनी

कानपुर, 04 सितम्बर (हि.स.)। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के 62 जनपदों में बुधवार को मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा की चेतावनी जारी की है। यह जानकारी बुधवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि मेघ गर्जन व आकाशीय बिजली और 30 से 40 किलोमीटर की गति से चलने वाली हवाओं के साथ अचानक वर्षा की संभावना है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, फरुर्खाबाद, सीतापुर, बहराइच, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, अमेठी, रायबरेली, जालौन, फतेहपुर, हमीरपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज में वर्षा की चेतावनी जारी किया है।

इसी तरह प्रदेश के सोनभद्र, मिजार्पुर,चंदौली, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, हाथरस, मथुरा, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बस्ती, औरैया, हरदोई, गोंडा, श्रावस्ती, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्द शहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर में भी वर्षा की संभावना जताई है।

# विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की मांगी स्टेटस रिपोर्ट, किये कई सवाल

लखनऊ, 04 सितम्बर (हि.स.)। उप्र राज्य नियामक आयोग ने निर्देश जारी

कर पावर कारपोरेशन के



प्रबंध निदेशक व चेयरमैन से पुराने स्मार्ट मीटर व वर्तमान में

लग रहे आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर 15 दिन के भीतर पूरी स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका के बाद मांगी गयी है।

नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन से पूछा है कि आयोग द्वारा बनाये गये कानून के तहत स्मार्ट मीटर रिमोटली कनेक्ट व डिस्कनेक्ट होने चाहिए, फिर प्रदेश में मैन्युअली काम क्यों कर रहे हैं। जो मीटर आरडीएसएस योजना के तहत लगाया जा रहा है, मीटर बिलिंग आरएमएस पोर्टल से इंटीग्रेटेड होने में दिक्कत क्यों है?

आयोग ने कहाकि विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्मार्ट मीटर बकाए के बाद कटने पर बिजली बिल का भुगतान करने के दो घंटे में अनिवार्य रूप से जुड़ जाना चाहिए। फिर भी कई कई घण्टों तक क्यों नहीं जुड़ पा रहेहै। स्मार्ट मीटर यह गंभीर मामलाहै।

विद्युत नियामक आयकर ने बिजली कंपनियों को निर्देश दिये हैं कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के तहत लगाए गए मीटर व आरडीएसएस स्कीम के तहत लगाये जा रहे मीटर के अनेक पैरामीटर पर अब हर महीने विद्युत नियामक

आयात को रिपोर्ट सौंपना होगा।

प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में पुराने 2जी 3जी तकनीकी के लगाए गए लगभग 12 लाख स्मार्ट मीटर और वर्तमान में आरडीएसएस योजना

के तहत लगाये जा रहे 27000 करोड के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले को लेकर 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युतउपभोक्ता परिषद की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में एक जनहित प्रतिवेदन दाखिल करते

हुए विद्युत नियामक आयोग से उपभोक्ताओं के हित में हस्तक्षेप करने की मांग उठाई गई थी। उपभोक्ता परिषद की तरफ से नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह को विस्तार से उपभोक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया गया। इसके बाद विद्युत नियामक आयोग ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए अब बड़ा कदम उठाया है और उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक सहित अध्यक्ष पावर कारपोरेशन को सख्त निर्देश भेजते हुए 15 दिन में पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की गई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने अपनी याचिका के माध्यम से यह मुद्दा उठाया कि बिजली कंपनियों में जो पुराने 12 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं। वह पूरी तरीके से मैन्युअली काम कर रहे हैं । कहने को स्मार्ट मीटर है लेकिन काम साधारण मीटर की तरह कर रहे हैं।

ऐसे स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं का बकाया पर बिजली कनेक्शन कट जाता है। पैसा जमा होने के बाद 8 से 10 घंटे तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो पाती। अनेक मामलों में कई दिन लग जाते हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान होता है।

# वेतन की मांग को लेकर मदरसा शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

लखनऊ, 04 सितम्बर (हि.स.)। संयुक्त मोर्चा मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक उत्तर प्रदेश के बैनर तले पांच सितंबर को लखनऊ के इको गार्डन में दो सूत्रीय मांग को लेकर मदरसा शिक्षक प्रदर्शन करेंगे। मदरसा शिक्षकों की मुख्य रूप से मांग है कि उन्हें सत्र 2017 से लेकर अब तक का समस्त बकाया वेतन का भुगतान तत्काल किया जाए। साथ ही मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक योजना का संपूर्ण संचालक राज्य सरकार द्वारा किया जाए।

मदरसा शिक्षकों की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के सदस्य मोहसिन खान ने बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर मदरसा के शिक्षकों को लखनऊ के इको गार्डन पार्किंग स्थल पर धरना प्रदर्शन के लिए आह्वाहन किया गया है।

उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में मदरसा शिक्षक प्रदर्शन में भाग लेने के लिए सुबह दस बजे तक लखनऊ आ जाएंगे। सुबह दस बजे से यह धरना सायं काल पांच बजे तक चलेगा।

मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ जैसे तमाम शिक्षक संगठनो ने संयुक्त रूप से अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संयुक्त मोर्चा बनाया है। इसी बैनर पर यह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे अपनी मांगे सरकार तक पहुंचाई जा सके।

# गाजियाबाद में छात्रावास के कायाकल्प के लिए बजट जारी, बेहतर होंगी सुविधाएं : असीम अरुण

लखनऊ, 04 अगस्त (हि.स.)। समाज कल्याण विभाग की ओर से गाजियाबाद



जनपद के नंदग्राम में स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 02 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं, जिसमें से पहली किश्त के रूप में एक करोड़ रुपये समाज कल्याण विभाग ने जारी कर दिये हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से जारी की गई धनराशि से छात्रावासों की सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा, ताकि छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

इसी क्रम में जनपद गाजियाबाद में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराने के लिए पहली किश्त के रूप में एक करोड़ रुपये जारी किये गये हैं।

# अखिलेश के सपनों पर जनता 2027 में बुलडोजर चलाएगी: राकेश त्रिपाठी

लखनऊ, 04 सितंबर (हि.स.)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बुलडोजर वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि 2027 में जनता अखिलेश के सपनों पर बुलडोजर चलाएगी।

उन्होंने कहा कि बुलडोजर अपराधियों पर चला है लेकिन पेट में दर्द अखिलेश के क्यों होता है? बुलडोजर चलाने का सपना मुंगेरीलाल और शेखचिल्ली के सपने जैसा।

अखिलेश यादव सपने में भी दुर्भावनापूर्ण बदले की बात सोचते हैं।

राकेश त्रिपाठी ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि डीएनए का फुलफार्म बताना अखिलेश यादव की खिसियाहट है।

लड़के हैं लड़कों से ग लतियां हो जाती हैं समाजवादी पार्टी का डीएनए है।

# कानपुर में करोड़ों की सरकारी जमीन बेचने के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा, जांच शुरू

क ा न ा प ु र , 04 सितम्बर(हि.स.)। कर्नलगंज थाने क्षेत्र में एपी फैनी कम्पाउंड की जमीन की अवैध बिक्री करने के मामले में जांच के बाद पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त मध्य दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि यह मुकदमा राजस्व विभाग की जांच के बाद दर्ज किया गया है। एपी फैनी कम्पाउंड को लेकर हुई जांच के बाद खुलासा हुआ कि उसकी अवैध बिक्री की गई है। इसमें ईसाई ट्रस्ट बनाकर उनके अधिकृत हस्ताक्षर करने वालों ने जमीनों पर अवैध रूप से प्लानिंग कर कूटरचित तरीके से बेचा। इस संबंध में लेखपाल विपिन कुमार ने सोमवार को तहरीर दिया था।

थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, रेलवे कॉलोनी निवासी अनिल कमार, गंगापुर यशोदा नगर निवासी अर्पित मिश्रा, ए ब्लॉक किदवई नगर निवासी दीपक कुमार, केडीए कालोनी गंगा विहार निवासी दुर्योधन कुमार और हाथरस निवासी मो. रेव जॉनसन दी जॉन के खिलाफ धोखाधड़ी के साथ ही कूटरचित दस्तावेज बनाकर बेचने का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने अब जिन दस्तावेजों के आधार पर नजूल की जमीन बेची है उसका सत्यापन कराने के साथ ही इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की तलाश तेज कर दी है। लेखपाल विपिन की तहरीर के मुताबिक, नजूल मैनुअल के अनुसार लीज अवधि समाप्त होने के बाद ऐसी भूमि स्वतः राज्य सरकार की हो जाती है।

इस संबंध में शासन का अध्यादेश पूर्व में आ चुका है।

# उप्र : नव चयनित अवर अभियंताओं को मिला नियुक्ति पत्र

लखनऊ, 04 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने नव चयनित अवर अभियंता (सिविल) को नियुक्ति पत्र वितरित किया। अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र मिलने पर उनके चेहरे पर मुस्कान दिखाई पड़ी।

लोक निर्माण विभाग मुख्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि अवर अभियंता (सिविल) अपनी कार्य कुशलता से विभाग को और भी मजबूत करेंगे। सभी को उनके भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दे रहा हूं। साथ ही राज्य में बेहतर से बेहतर सड़क बनाने में अवर अभियंता अपनी भूमिका निभायेंगे, ऐसी आशा करता हूं।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव अजय चौहान, ईएनसी संजीव भारद्वाज समेत लोक निर्माण विभाग के तमाम अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित रहे।

# कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में किसान को हाईड्रा ने रौंदा, मौत

हमीरपुर, 04 सितम्बर (हि.स.)। सुमेरपुर पशु बाजार में बुधवार को भैंस बेचने जा रहे कृषक को एक तेज रफ्तार आ रहे हाइड्रा क्रेन मशीन ने टक्कर मार मौत की नींद सुला दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सौखर निवासी रामबाबू का पुत्र गुलाब कुशवाहा (25) अपने घर में खेती बाड़ी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

बुधवार के रोज वह पूर्वाहन अपने पिता रामबाबू व चाचा श्यामसुंदर के साथ कस्बा सुमेरपुर के पशु बाजार में भैस बेचने पैदल आ रहा था।

जैसे ही वह कानपुर नेशनल हाइवे पर कस्बा के पेट्रोल पम्प, टाकीज के पास आया वैसे ही मुख्यालय की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइड्रा क्रेन मशीन उसे कुचलते हुए उसके ऊपर से गुजर गई। वहीं, साथ में चल रहे पिता व चाचा भी हादसे से बाल–बाल बच गए।

इस घटना में गुलाब की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

परिजनों ने बताया गुलाब दो भाईयों में सबसे छोटा था, जिसकी शादी दो वर्ष पूर्व रामपुर गांव जिला बांदा लक्ष्मी के साथ हुई थी। उसकी डेढ़ वर्ष की बच्ची है।

# रसीले अंगूर की भी यूपी में हो सकती है खेती

लखनऊ, 04 सितम्बर (हि.स.)। अगर उत्तर प्रदेश में खाने के लिए अंगूर की सबसे अच्छी प्रजाति "फ्लेम सीडलेस" है तो रस से भरपूर होने के कारण पूसा नवरंग भी जूस, जैम और जेली के लिए खुद में बेमिसाल है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के पूर्व निदेशक सीएस राजन के मुताबिक पूसा नवरंग में जूस उत्पादन की उत्कृष्ट क्षमता है। यह प्रजाति उत्तर प्रदेश खासकर जिन क्षेत्रों की कृषि जलवायु क्षेत्र लखनऊ के समान है, उन क्षेत्रों में उत्पादन के लिए अनुकूल है। इसका अद्वितीय रस प्रोफाइल इसे क्षेत्र के लिए फ्लेम सीडलेस के बाद दूसरी सबसे उपयुक्त किस्म बनाती है।

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने वर्षो तक अंगूर की कई प्रजातियों पर शोध के बाद पाया कि अंगूर की इन दोनों किस्मों फ्लेम सीडलेस और पूसा नवरंग की उत्तर भारत में अच्छी खासी व्यावसायिक संभावनाएं हैं। इन प्रजातियों की पहचान कर वैज्ञानिकों ने उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत में अंगूर की खेती के लिए नए दरवाजे खोले हैं।

किसानों के लिए संभावनाओं का नया द्वार है अंगूर की खेती

संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक सुशील कुमार शुक्ला के मुताबिक उक्त दोनों प्रजातियां न केवल स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हैं, बल्कि बाजार की मांगों को भी पूरा करती हैं। ये प्रजातियां उत्तर भारत के किसानों के लिए योगी सरकार की मंशा के अनुसार फसल विविधिकरण का एक बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ किसान छाए में होने वाली सब्जियों और मसालों की खेती कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। किसानों की आय बढ़े वे खुशहाल हों, यह योगी सरकार की सिर्फ मंशा ही नहीं संकल्प भी है।

संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. राम कुमार बताते हैं कि अंगूर की खेती में पूसा नवरंग की सफलता जूस बनाने के लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि इसका स्वाद और उपज इसे पारंपरिक फसलों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है।

स्थानीय परिस्थितियों में इसकी अनुकूलता के कारण यह प्रजाति किसानों के लिए एक मूल्यवान विकल्प है।

अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों के लिए पूसा नवरंग प्रजाति का चयन बागवानों की आय बढ़ाने में बेहतरीन निर्णय होगा।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आवास घेरा

लखनऊ, 04 सितम्बर (हि.स.)। हाई कोर्ट डबल बेंच का आदेश आने के बाद से लगातार 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आंदोलनरत हैं।




यह सभी अभ्यर्थी लगातार एक के बाद एक मंत्री, नेता के आवसों का घेराव कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास का घेराव किया। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यार्थी जोरदार नारेबाजी करते हुए हाई कोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन करने व नियुक्ति दिए जाने की मांग की।

आंदोलन व धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि हम ओबीसी और एससी वर्ग के नेताओं और मंत्रियों के आवास का घेराव इसलिए भी कर रहे हैं कि वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस मामले का जल्द से जल्द समाधान कराये। हम सभी अभ्यर्थी पिछले चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं। अब कोर्ट का फैसला आया है तो इसका पालन किया जाना चाहिए।

अमरेंद्र ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया।

एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीते 13 अगस्त को लखनऊ हाईकोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली कर रही है।

हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से इस प्रकरण का समाधान करें और एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब की जा रही है।

उन्होंने कहा कि, कोर्ट ने 69 हजार शिक्षक भर्ती मूल चयन सूची रद्द करते हुए सरकार को तीन महीने के अंदर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया है केवल एक मीटिंग की है। हमारी मांग है कि सरकार हमारी चयन संबंधित प्रकिया का कार्यक्रम शेड्यूल जारी कर दे।

# लोनिवि में ठेकेदारों के पंजीकरण की नयी व्यवस्था लागू

लखनऊ, 04 सितंबर (हि. स.)। उप्र लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणी में ठेकेदारों के पंजीकरण की अब से एक नयी व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसमें लोक निर्माण विभाग में क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं द्वारा श्रेणी 'ए' एवं श्रेणी 'बी' के ठेकेदारों के पंजीकरण का कार्य किया जा सकेगा। जिसे आज से ही प्रदेश के समस्त जनपदों में मान्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग में श्रेणी 'ए' एवं श्रेणी 'बी' में ठेकेदारों के पंजीकरण के लिए मुख्य अभियन्ता (द्वितीय), लखनऊ द्वारा भविष्य में कोई पंजीकरण नहीं किया जायेगा। लोक निर्माण विभाग में तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। ठेकेदारों के पंजीकरण एवं वर्गीकरण नियमावली, 1982 यथा संशोधित के शेष प्राविधान यथावत रहेंगे।

# 2,308 करोड़ से अधिक राजस्व अभी तक प्राप्त हुआ - नितिन

लखनऊ, 04 सितंबर(हि.स.)। प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अगस्त तक 19,281 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया गया है। जो गत वर्ष के अलोच्य अवधि की प्राप्ति 16,973 करोड़ के सापेक्ष 2,308 करोड़ अर्थात 13.6 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में जनपद सोनभद्र, खीरी, कौशाम्बी, मथुरा एवं शाहजहांपुर में सराहनीय कार्य हुआ है। इसी प्रकार विध्यांचल प्रभार, मेरठ प्रभार एवं अयोध्या प्रभार में प्रभावी कार्यवाही हुयी है।

आबकारी मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि प्रभावी प्रवर्तन कार्य एवं निरन्तर पर्यवेक्षण के माध्यम से प्राप्त की गई हैं।

माह अगस्त में कुल 82,146 छापे मारे गए जिनमें 9,854 अभियोग दर्ज किये गये और 2,44,074 लीटर अवैध शराब पकडी गयी तथा तस्करी में लिप्त 32 वाहन जब्त किये गये।

इस माह 2,117 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनमें से 360 व्यक्तियों को जेल भेजा गया।

# कुशीनगर के शिक्षक सुनील त्रिपाठी राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित

कुशीनगर, 4 सितंबर (हि.स.)। कुशीनगर जिले के फाजिलनगर ब्लॉक के जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलयन) रुदवालिया के सहायक अध्यापक सुनील कुमार



त्रिपाठी वर्ष 2023-24 का राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

महासोन गांव निवासी सुनील कुमार त्रिपाठी ने 2009-10 में उक्त विद्यालय के प्राथमिक संवर्ग में प्रधानाध्यापक के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। तब 132 छात्रों के सापेक्ष केवल दो शिक्षामित्र तैनात थे। बिना चारदीवारी के विद्यालय में दोपहर को ही सब्जी, मांस-मछली का बाजार लग जाता था। विभाग ने चारदीवारी बनवाई तो फिर विद्यालय परिसर में स्थित जूनियर के प्रभारी रामकुंवर प्रसाद, शिक्षामित्र संतोष व सुनैना मिश्रा के साथ सुनील ने विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने की मुहिम छेड़ दी। वर्ष 2016 में मॉडल विद्यालय बनाने, बच्चों में पौधा वितरण करने तथा स्मार्ट कक्षा चलाने के प्रयास के लिए विद्यालय को जनपदीय आदर्श विद्यालय घोषित कर सुनील कुमार त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र तथा एक लाख बीस हजार रुपये का चेक दिया। वर्ष 2019 में तत्कालीन बेसिक शिक्षा निदेशक डा. सर्वेंदु विक्रम सिंह ने भी सुनील त्रिपाठी को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया। वर्ष 2018 में कम्पोजिट विद्यालय बनने के बाद पुरस्कार दिया। तत्कालीन डीएम आंद्रा वामसी तथा बीएसए ने 400 सौ से अधिक विद्यार्थी, स्मार्ट व कम्प्यूटर कक्षा, सीसीटीवी कैमरा, साउंड सिस्टम, व्हाइट बोर्ड आदि की सुविधा देख प्रत्येक न्यायपंचायत में रुदवलिया जैसे दो-दो विद्यालय बनाने की पहल की। राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल कलराज मिश्र ने 2019 में विद्यालय में बायोमेट्रिक हाजिरी की शुरूआत कराई। आज इस विद्यालय में छह गांव के करीब 500 विद्यार्थी नामांकित है।विद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित परीक्षा में सफल तथा मण्डल स्तरीय खेलों में विजयी हो रहे हैं।

बारह वर्षों में बच्चों को बांटे ग्यारह हजार पौधेः शिक्षक ने 2012 से नामांकित बच्चों में दो-दो पौधों का उपहार देना शुरू किया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रुदवलिया गांव में अब तक 11 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

इसके अतिरिक्त सामुदायिक सहयोग से सुनील ने विद्यालय में स्मार्ट कक्षा,विज्ञान प्रयोगशाला,बायोमेट्रिक,सीसी कैमरा, साउंड सिस्टम, सरस्वती मन्दिर, महात्मा गांधी मन्दिर, विवेकानन्द प्रवेश द्वार स्थापित किया। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अलग से सिलाई-कढ़ाई तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसके लिए चार मशीनें भी विद्यालय में उपलब्ध हैं। आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का शत प्रतिशत नामांकन नजदीकी इंटर कालेजों में कराते हुए विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें पासबुक व एटीएम संग विदा किया जाता है। नजदीकी अनेक विद्यालयों के नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं ने चयनित शिक्षक से प्रशिक्षण लिया। शिक्षक-शिक्षिकाएं दूरस्थ जिलों के विद्यालयों में योगदान देकर बच्चों का भविष्य संवार रही हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राम जियावन मौर्य ने बताया कि स्कूल में शिक्षा को लेकर सुनील कुमार त्रिपाठी ने बेहतर कार्य किया है। राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए उनका चयन होना गौरव की बात है। उनसे जिले के सभी शिक्षकों को सीख लेकर विद्यालयों में बेहतर काम करना चाहिए।

# सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी तलब

### -69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में गलत आंसर-की का मामला
### -हाईकोर्ट ने तीन साल पहले अभ्यर्थियों को एक अंक देने का आदेश दिया था

प्रयागराज, 04 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में गलत आंसर-की वाले अभ्यर्थियों को एक अंक देने के आदेश का अनुपालन नहीं करने एवं इस संदर्भ में और समय मांगे जाने पर सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी को अगली सुनवाई पर तलब किया है।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई पर याचियों को एक अंक देने के आदेश के अनुपालन के सम्बंध में जानकारी मांगी थी। 10 दिन का और समय मांगने को कोर्ट ने प्रथमदृष्टया घोर लापरवाही मानते हुए कहा कि आदेश का पालन करने में शासन से अनुमति की क्या आवश्यकता है और यदि अनुमति चाहिए थी तो तीन साल से अब तक क्यों नहीं कुछ किया गया। कोर्ट ने कहा कि अवमानना याचिका दाखिल न होती तो नंबर देने पर विचार भी नहीं होता।

यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने मनोज कुमार व अन्य की अवमानना याचिका पर उनके अधिवक्ताओं और सचिव नियामक परीक्षा के वकील को सुनकर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन वर्ष पूर्व 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती में गलत उत्तर कुंजी वाले अभ्यर्थियों को एक अंक देने का निर्देश दिया था।

राज्य सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। उसके बाद आदेश का अनुपालन नहीं होने पर मनोज कुमार और अन्य की ओर से नियुक्ति की मांग में अवमानना याचिकाएं दाखिल हुईं।

कोर्ट ने सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी से इन अवमानना याचिकाओं पर सचिव से जवाब मांगा था। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचियों को एक नंबर देने के लिए शासन से अनुमति के लिए पत्र लिखा गया है।

लेकिन शासन से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। साथ ही सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से सरकारी वकील ने हलफनामा दाखिल करते हुए 10 दिन का और समय मांगा।

इस पर कोर्ट ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी को 13 सितम्बर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

महोबा, 04 सितम्बर (हि.स.)। जनपद के एनआईसी कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिले के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कुमार को जल कर विभाग में अवर अभियंता के पद हेतु चयन होने पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष जे पी



अधीनस्थ चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।

जहां जिलाधिकारी एवं निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद के चयनित अभ्यर्थियों यथा प्रतिमा, आलोक कुमार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता तथा रीना सोनी को जिला पंचायत में अवर अभियंता एवं आशीष अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया द्वारा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# ट्रेन पर चढ़ते समय फिसलकर गिरा रेल कर्मी, मौत

मीरजापुर, 04 सितंबर (हि.स.)। झिंगुरा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की देर शाम ट्रेन संख्या 03248 बैंगलूरू स्पेशल एक्सप्रेस पर चढ़ते समय पैर फिसलने से रेल कर्मचारी का पैर कट गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चलती ट्रेन में ऑफ साइड से चढ़ने के प्रयास में एक रेल कर्मचारी के दोनों पैर कट गए। ऑन ड्यूटी कांस्टेबल की सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी प्लेटफार्म नंबर दो के हावड़ा एंड में पहुंची। उन्होंने पाया कि एक व्यक्ति जिसके गले में रेलवे आई कार्ड है, दोनों लाइनों के मध्य पड़ा था और उसके दोनों पैर कट गए थे। एंबुलेंस से उसे रेलवे हॉस्पिटल भेजा गया।

आसपास कार्य कर रहे गैंगमेन ने घायल व्यक्ति की पहचान रेल कर्मी राजेश कुमार पुत्र शंकर राय निवासी जनपद वैशाली बिहार के रूप में की। उपचार के दौरान रेल कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई गई।

# लखीमपुरखीरी सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, एक घायल

लखीमपुर खीरी, 04 सितम्बर (हि.स.)। जनपद की धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार भोर पहर डीसीएम और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक और डीसीएम के चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रक में सवार एक अन्य घायल है।

धौरहरा कफारा मार्ग पर टापरपुरवा-अमेठी गांव के पास एक ट्रक सामने से आ रही लकड़ी भरे डीसीएम से भिड़न्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। सड़क हादसे में जम्हौरा निवासी डीसीएम चालक सकटू (35), मिश्री लाल (55) और एक ट्रक के चालक की मौके पर मौत हो गई।

ट्रक में सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे धौरहरा सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर तीसरे व्यक्ति की पहचान करने में जुट गई है।

# फूलपुर थाने में तैनात सिपाही और युवक की सड़क हादसे में मौत,कोहराम

वाराणसी,04 सितम्बर (हि.स.)। फूलपुर थाने में तैनात सिपाही और उसके एक दोस्त की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों की मौत पर बुधवार को साथी पुलिस कर्मी गमगीन रहे। दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

फूलपुर थाने में तैनात सिपाही विक्रांत सिंह (32) अपने दोस्त हिवरनपुर फूलपुर निवासी सुशांत सिंह (25) के साथ देर रात इलाके में स्थित ढ़ाबा में खाना खाने के बाद स्कॉर्पियो कार से थाने लौट रहा था। तेज रफ्तार कार कठिरांव पिंडरा मार्ग पर थाना गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान की दिवार से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे सुशांत और सवार सिपाही विक्रांत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। तेज आवाज सुनकर जुटे आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवाया। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत सिपाही विक्रांत मूलरूप से आजमगढ़ सुहवल थाना क्षेत्र के जहानागंज का निवासी था। सूचना पर सिपाही के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। विक्रांत की मौत से उसके साथ डयूटी करने वाले युवा सिपाही दुखी दिखे।

# मीरजापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्भावित आगमन 10 सितंबर को

मीरजापुर, 4 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 10 सितंबर को सम्भावति आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस

अधीक्षक ने पहाड़ी विकास खंड के चांदलेवा कला स्थित कार्यक्रम स्थल का बुधवार को निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने अधिकारियों के साथ मझंवा विधानसभा अन्तर्गत पहाड़ी विकास खंड के चांदलेवा कला में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बड़े व छोटे वाहनों की पार्किंग, हेलीपैड, रूट चार्ट आदि का भी निरीक्षण करते हुए तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर के अलावा खंड विकास अधिकारी पहाड़ी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# पिकप वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

बाराबंकी, 04 सितम्बर (हि.स.)। सुबेहा थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह पिकप वाहन की जोरदार टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयचंदा पुर मजरे गोसियामऊ गांव निवासी देवीप्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र अंकित उर्फ पंचम बुधवार की सुबह मोटरसाइकिल से अपनी बहन के घर दुर्जन पुरवा चौकी मजरे इस्लामपुर जा रहा था। अभी वह श्रीचंद्रचूड़ सिंह इंटर कॉलेज के पास पहुंचा था कि गल्ला लादकर सुबेहा की तरफ जा रही पिकप वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। पहिया के नीचे युवक का सिर आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद चालक पिकप वाहन को छोड़कर भाग गया था। वाहन को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## कक्षा 8 तक की छात्राओं को जूडो, कराटे, ताइक्वांडो को स्कूलों में कम्पल्सरी करने की मांग में याचिका खारिज

प्रयागराज, 04 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं को उनके गर्ल्स स्कूल में जूडो, कराटे, ताइक्वांडो कोर्स का प्रशिक्षण देने की मांग में दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दिया।

यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने इलाहाबाद की श्रीमती शालिनी अग्रवाल द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि इस प्रकार का कोर्स स्कूलों में होने से जूनियर छात्राओं के मनोबल व आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और वह अपने को स्वतंत्र एवं मजबूत स्थिति में पाएंगी।

याचिका में मांग की गई थी कि इस प्रकार का कोर्स छात्राओं के लिए स्कूलों में कम्पल्सरी किया जाय।

सरकार की तरफ से कहा गया कि एनसीईआरटी द्वारा जारी कोर्स को स्कूलों में चलाया जाता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार की जनहित याचिका के पक्ष में कोर्ट नहीं है।

# किसानों के खेत-खलिहान तक चलेगा सदस्यता अभियान : अनिल राजभर

मीरजापुर, 4 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के बरौधा कचार स्थित जिला कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने




विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सदस्यता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक, पिछड़ों समेत गांव, घर व किसान के खेत-खलिहान तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि भाजपा ने सबसे पहले डिजिटल सदस्यता अभियान वर्ष 2014-15 फिर 2017 में विशेष सदस्यता तथा 2019 में भी सदस्यता अभियान चलाया था। 2015 में उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ लोग भाजपा के प्राथमिक सदस्य बनाए गए थे। आगे 2019 में 90 लाख अतिरिक्त लोगों की सदस्यता की गई थी । 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान विशेष सदस्यता की गई, जिसमें विशेष रूप से महिला, अनुसूचित और युवा सदस्यता की गई थी और 30 लाख नए सदस्य बनाए गए थे। इस तरह से 2015 से 2022 तक उत्तर प्रदेश में कुल 3.03 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने और 1.83 करोड़ सदस्यों का वेरिफिकेशन भी किया गया।

प्रदेश में कुल 1.12 लाख कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बने थे, जो भाजपा के प्रदेश से लेकर बूथ तक पदाधिकारी वर्ग में शामिल रहे।

उन्होंने बताया कि 2024 भाजपा का संगठन वर्ष है जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ऑनलाइन सदस्यता के लिए इस बार सभी को 8800002024 पर मिस्ड कॉल देना है। इसके बाद मैसेज के माध्यम से आपका सदस्यता कोड मिलेगा। इसी के साथ एक लिंक आएगा जिस पर जाकर सभी को डिजिटल फॉर्म भरना होगा जिसे सबमिट करते ही सदस्य का सदस्यता कार्ड बनकर आ जाएगा।

दो चरणों में चलेगा सदस्यता अभियान

भाजपा का सदस्यता अभियान दो चरणों में चलेगा। प्रथम चरण दो से 25 सितंबर तक तथा द्वितीय चरण एक से 15 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

सक्रिय सदस्यता के लिए 100 सदस्य बनाना अनिवार्य

एक मोबाइल नंबर से एक ही सदस्य बन सकता है। सक्रिय सदस्यता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 100 सदस्य अवश्य बनाएगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनाना एवं 100 रुपये की धनराशि नमो ऐप के माध्यम से भुगतान करना होगा।

10 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदस्यता का नवीनीकरण कर दो सितंबर को सदस्यता अभियान की शुरूआत की। भाजपा के संविधान के अनुसार हर छह वर्ष के बाद सदस्यता अभियान चलाया जाता है। भाजपा ने ने इस बार 10 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में सदस्यता अभियान

भाजपा का सदस्यता अभियान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में शुरू किया जा रहा है। ऑनलाइन मोड में मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी पार्टी का सदस्य बन सकता है। एक बार जिसने सदस्यता ले ली तो वह 6 साल तक पार्टी का सदस्य रहेगा और उसके बाद फिर से सदस्यता रिन्यूअल की जाती है।

सदस्यता अभियान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग

भाजपा सदस्यता अभियान में इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर रही है ताकि कोई एक व्यक्ति दो बार सदस्यता ना ले पाए और सदस्यों की गिनती सही हो।

# सीमेंट कारोबारी के हत्यारोपितों के साथ मुठभेड़, गोली लगने से दो घायल

मथुरा, 04 सितम्बर(हि.स.)। थाना महावन पुलिस और एसओजी टीम की महावन क्षेत्र में बीती रात बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। इसमें विगत दिनों सीमेंट सीसीटीवी, सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस की मदद से हत्यारोपियों के चिह्नित करने के बाद से ही टीमें उनकी तलाश में जुटी थीं। बीतीरात पुलिस टीम एक चेन, अंगूठी व 8500 रुपये नकद तथा दो तमंचा, कारतूस बरामद किये हैं।

एसपी देहात ने बताया कि मृतक जितेन्द्र सिंह बालाजीपुरम,



कारोबारी से लूट कर हत्या करने के दो हत्यारोपित के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने उनके कब्जे से कारोबारी से लूटी नकदी, जेवर के अलावा असलाह, बाइक बरामद कर ली है। घायलों को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि एक सितम्बर की शाम सीमेंट कारोबारी जितेन्द्र सिंह का महावन क्षेत्र में कार में शव मिला था। उनकी गला घोंट कर हत्या की गयी थी। लक्ष्मीनगर-महावन रोड पर नगला पापरी तिराहे के समीप चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार पुलिस को देख बाइक छोड़ फायरिंग करते हुए भागने लगे।

पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान पैर में गोली लगने से हरेन्द्रपाल उर्फ गांधी निवासी मनोहरपुर, महावन, गीतम सिंह निवासी मनोहरपुर, महावन घायल हो गये। गीतम सिंह के दोनों और हरेन्द्रपाल उर्फ गांधी के एक पैर में गोली लगी है। इनके कब्जे से मृतक से लूटी हाइवे में बिल्डिंग मिटेरियल व थोक में सीमेन्ट बिक्री की दुकान है। उसके हरेन्द्रपाल पर 75 हजार रुपये थे। हरेन्द्रपाल नहीं दे रहा था।

उसने जितेन्द्र सिंह से 300 कट्टा सीमेंट और मंगाया और कहा सीमेंट उतरने पर पूरा पेमेंट कर देगा। उसने 300 कट्टे सीमेंट उतार कर पेमेंट मांगा तो हरेन्द्र पाल योजना बनाकर कुमरगढ़ के पास निमार्णाधीन बरेली हाइवे पर बातचीत करने को ले गया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# पति पर पिटाई व देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का अरोप, सात के खिलाफ केस

मुरादाबाद, 04 सितम्बर (हि.स.)। जिले के थाना पाकबड़ा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने थाना पुलिस को दी तहरीर में अपने पति पर पीटने और देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया। पीड़िता का यह भी आरोप, शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, देवर और ससुर के तहेरे भाई उस पर प्लॉट बेचने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर बुधवार को थाना पुलिस ने मामले में पति, देवर समेत सात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

थाना पाकबड़ा क्षेत्र निवासी विवाहिता ने बताया कि थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 29 फरवरी 2024 को उसकी शादी थाना छजलैट क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। पिता ने शादी में 200 गज का एक प्लॉट दिया था। शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, देवर और ससुर के तहेरे भाई महिला पर प्लॉट बेचने का दबाव बना रहे हैं। महिला इसका विरोध करती है। तो सभी उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे भद्दे-भद्दे ताने देते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीती 2 अगस्त को महिला घर में अकेली थी। तभी देवर उसके कमरे में घुस आया और छेड़खानी की व उसके कपड़े भी फाड़ दिए और दुष्कर्म का भी प्रयास किया।

इसके बाद उसने पति और सास-ससुर से घटना की शिकायत की तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि 3 अगस्त को वह पाकबड़ा स्थित मायके में आ गई है और तब से वहीं रह रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी हाईवे कुलदीप गुप्ता ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर बुधवार को केस दर्ज कर लिया गया है।

# ताईक्वांडो में वैष्णवी, खुशी, तान्या एवं नव्या ने मारी बाजी

## प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

शिकोहाबाद। प्रहलाद राय टीकमानी इंटर कॉलेज में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी बेहतर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुरुस्कृत भी किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश चंद्र दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में वैष्णवी,खुशी,तान्या,नव्याए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में कशिश,कशिश यादव,मानवी राजपूत, नैना,शिल्पी,रितु,धनस्वी ने प्रथम स्थान और अंडर.19 बालिका वर्ग में किसी बालिका ने प्रतिभाग नहीं किया। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में अतीक,विनय प्रताप,लव सिंह,वंश गुप्ता, कुलदीप,रोहन,अनुराग,कृष्णा, अंडर 17 बालक वर्ग में केशव गुप्ता,सम्राट,राहुल, अरुण राठौर,ध्रुव प्रताप,उज्जवल ने प्रथम और अंडर.19 बालक वर्ग में वंश शर्मा,संदीप चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्थान बनाया। संचालन क्रीड़ा प्रभारी हरिसिंह ने किया। रेफरी का कार्य में रामज्यावन,रूपेश,सुशांत तथा निर्णायक मंडल में कुमकुम गुप्ता, सुनीता चौधरी, धर्मवीर,अर्पित, सुशांत रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश चंद्र दुबे ने आए हुए सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से सत्ता पर काबिज होगी: उपाध्याय

फरुर्खाबाद । उत्तर प्रदेश शासन में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद् उपाध्याय ने दावा किया कि भाजपा 2017 में विधानसभा के चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से सत्ता पर काबिल होगी।

श्री उपाध्याय ने आज बुधवार पूर्वान्ह करीव11:30 बजे फरुर्खाबाद शहर में आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में भाजपा संगठन पर्व के आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में भाजपा द्वारा संगठन पर्व मनाया जा रहा है, इस संगठन पर्व के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में नए-नए सदस्यों को बनाने का कार्य कर रहे हैं।

भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनाने का कार्य हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नित्य प्रति हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों केसाथ ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश में विभिन्न राजनीतिक दल हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा अन्य दलो से भिन्न है क्योंकि सभी विपक्षी राजनीतिक दल परिवार बाद व वंशवाद की नीव पर आधारित है जबकि भाजपा का संगठन सर्व समावेशी एवं सर्वे स्पर्शी, विचारधारा राष्ट्रीय के लिए कार्य कर रही है।

देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकारे होने का जिक्र करते हुए श्री उपाध्याय ने , उत्तर प्रदेश की पिछली सपा, बसपा सरकारों पर भ्रष्टाचार एवं वदत्तर कानून व्यवस्था होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही जन सेवा का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार में कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा दी जा रही है,और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कमी आई है। भाजपा सरकार,हर वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश मेंआगामी पंचायत एवं 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ ही फिर से सत्ता में काविज होगी।

उन्होंने बताया कि 2024 वर्ष को भाजपा संगठन पर्व महाअभियान के तहत, संगठन को मजबूत बनाने के लिए, प्रत्येक कार्यकर्ता की आहुति जरूरी है।

भाजपा से हर वर्ग को जोड़ने के लिए, हमारे कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर सदस्यता अभियान चलारहे हैं फरुर्खाबाद जिले में 5 लाख नए भाजपा कार्यकताओं को जोड़ने का कार्य किया जाएगा जिससे संगठन और मजबूत होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सोसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व विधायक अमर सिंह, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद थे।

# बाल संरक्षण से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक

*मथुरा 04 सितम्बर/* डा0 देवेन्द्र शर्मा, मा० अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ०प्र० राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा जिला चिकित्सालय एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। जिला अस्पताल के निरीक्षण दौरान मा० अध्यक्ष जी द्वारा पीकूवार्ड को बेहतर एवं बाल मित्र बनाने के निर्देश दिये गये, साथ ही वन स्टाप सेन्टर यूनिट-द्वितीय के लिये चिन्हित भूमि का निरीक्षण भी किया गया।

तत्पश्चात जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया गया तथा महिला बन्दिओं के साथ निवासरत उनके बच्चों के विषय में जानकारी ली गयी एवं उनके चहुमुखी विकास हेतु जेल अधीक्षक जिला कारागार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके पश्चात माननीय अध्यक्ष जी द्वारा नवादा स्थिति आंगनबाड़ी केन्द्र पर गोदभराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

अध्यक्ष जी ने कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में बाल संरक्षण से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। डा० देवेन्द्र शर्मा, मा० अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ०प्र० राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा कहा गया कि राज्य बाल आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के समूलनाश हेतु "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं दण्डात्मक कार्यवाही की करायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक अरबो रूपयों की मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। प्रदेश के विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में स्थिति नशीले पदार्थों की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है। आयोग द्वारा पूरे प्रदेश को वर्ष 2025 तक बाल विवाह मुक्त कराये जाने का संकल्प लिया गया है। बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति में संप्लित बच्चों को मुक्त कराकर शिक्षा एवं बाल कल्याण कारी योजनाओं से जोडने का कार्य किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालयों में प्रहरी क्लब बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

श्री प्रभात कुमार चन्द्र जिला आबकारी द्वारा बताया गया कि मा० राज्य बाल आयोग के निर्देशन में जनपद के सभी शतप्रतिशत शराबों की दुकानों पर सी०सी०टी०वी० कैमरे लगवा दिये गये। साथ 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शराब की विक्री करने पर प्रतिबंद लगाया गया है।

श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि, अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं अन्य विभागों से आये कर्मचारीगणों का स्वागत किया गया तथा अपने विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें बच्चों कुपोषण से मुक्त करना, गर्भवति महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना आदि प्रमुख योजनाऐं सम्मिलित हैं। श्री अजय कुमार वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कहा गया कि वह एक युद्ध नशे विरूद्ध 1000 स्टीकर छपवायेंगे तथा ए०एच०टी०यू०, मथुरा के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करायेंगे।

श्रीमती किरन चौधरी जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा कहा गया कि वह नशा मुक्ति के निरूद्ध जागरूकता हे शीघ्र ही एक वृहद कार्यक्रम आयोजन करेंगी।

श्री विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब बाल विवाहो की सूचना पर शतप्रतिशत नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड के 160/सामान्य के 503) एवं स्पॉन्सरशिप योजनाओं से निश्रारित बच्चों को लाभान्वित किया गया है। आगे भी यह क्रम निरन्तर जारी रहेगा। इसके उपरान्त बैठक में उपस्थित मा० अध्यक्ष जी एवं समस्त विभागाध्यक्षों को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दिव्यांग सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने एआरएम को सौंपा ज्ञापन

बुधवार को श्री नारायण दिव्यंग सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार द्वारा एआरएम शशि रानी से डिपो पर दिव्यांग जनों की समस्या के को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें दिव्यांग जनों की समस्याओं को लेकर जैसे परिवहन यात्रा में दिव्यांग जनों को अपशब्दों का प्रयोग कर अपमानित करना, परिवहन को ना रोकना इत्यादि समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रजापति ने एआरएम से मिलकर समस्याओं को अवगत कराया। समस्या को सुन कर एआरएम ने समिति को कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रजापति एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंडित अनूप शास्त्री,तिवारी लाला,जोगिंदर,अनिल कुमार,रामपाल,रामधनी,रमेश,अनुज आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

फिरोजाबाद स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक की ट्रेन मैं चढ़ते समय गिरकर मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल मैं कराया है

थाना नारखी क्षेत्र के गांव भ1 के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत भारत के दायित्वों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि भारत को इजराइल को दी जाने वाली अपनी सहायता, विशेष रूप से सैन्य उपकरणों सहित अपनी सैन्य सहायता को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए, क्योंकि इस सहायता का उपयोग जेनोसाइड कन्वेंशन, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून या सामान्य अंतरराष्ट्रीय कानून के अन्य अनिवार्य मानदंडों के उल्लंघन करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हरसंभव प्रयास करना चाहिए कि इजराइल को पहले से दिए गए हथियारों का इस्तेमाल नरसंहार करने, नरसंहार के कृत्यों में योगदान देने या ऐसे तरीके से उपयोग न किया जाए, जिससे अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हो।

# वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिवस

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। लच्छीपुर रानीगंज के नर्वदेश्वर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अंकित पांडे ने महुली स्थित वृद्धाश्रम पर आज अपना जन्मदिवस पर वहां के वृद्ध महिलाओं व पुरुषों के साथ मनाया और वहां निवास कर रहे महिलाओं व पुरुषों को फल के साथ साड़ी और शर्ट पैंट के कपड़े वितरित किए इस अवसर पर अंकित पाण्डेय के साथ उनका जन्मदिवस मनाने के लिए उनके पिताजी शिवशंकर पाण्डेय ,राजेश पाण्डेय,वशुराज शुक्ला,शिवपंकज मणि त्रिपाठी, सुनील पाण्डेय,दिलीप मिश्रा,कुंज बिहारी तिवारी,भानुप्रताप,अजीत यादव ,किशन ,शिवांश,नवाब ओम पाण्डेय व रुद्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे ।कपड़े व फल पाकर वृद्धाश्रममें रहने वालों के चेहरों पर दिखी मुस्कान अत्यन्त प्रसन्नता पूर्वक सभी महिला पुरुषों ने अंकित पाण्डेय को खूब आशीष व प्यार दुलार देते हुए उनके निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होने की कामना की

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

थाना टूंडला क्षेत्र के गांव चूल्हावली के समीप एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

थाना टूंडला क्षेत्र के गांव चूल्हावली के समीप बुधवार की अपराहन एक युवक रेलवे लाइन पारकर कहीं जा रहा था तभी किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया जिसके फल स्वरुप उसकी कटकर मौत हो गई ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया परंतु पहचान नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष बताइ है

# श्री कृष्ण जन्मस्थान मस्जिद मामले में हुई आज सुनवाई

मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि आज हाईकोर्ट में श्री कृष्णा स्थान से संबंधित मुकदमोनों की सुनवाई हुई, उन्होंने बताया कि पिछली डेट पर माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी मुकदमों को मेंटेबल मान लिया है, न्यायालय द्वारा एक ऐतिहासिक फैसला दिया गया था जिसमें न्यायालय ने कहा था कि यहां पर वरशिप 1991, लिमिटेशन एक्ट और वर्क बोर्ड एक्ट प्रभावी नहीं है, मुस्लिम पक्ष और हिंदू पक्ष की अधिवक्ताओं के मध्य में लंबी बहस सुनने के बाद में न्यायालय ने यह स्वीकार किया था कि यह सभी मुकदमे सुनने योग्य हैं, मुस्लिम पक्ष में बरसे 1991 लिमिटेशन एक्ट और वर्क बोर्ड एक्ट के बहाने इन मुकदमों को खारिज करने का अनुरोध किया था, हिंदू पक्ष ने भी अपनी-अपनी दलीलें रखी, लंबी बहस सुनने के बाद न्यायालय ने स्वीकार किया कि यह सभी मुकदमे सुने जायेंगे. हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि मुस्लिम पक्ष यही चाहता है कि यह सभी मुकदमे खारिज हो जाएं लेकिन न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला करता है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश में ऐसा काला कानून पूजा उपासना अधिनियम 1991 बनाया जिसकी वजह से मंदिरों की लड़ाई लड़ना बहुत ही कठिन हो गया है, दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि अब हम आधी लड़ाई जीत चुके हैं, अब हमको इंतजार है सर्वे का, जब भी माननीय न्यायालय सर्वे का आदेश देगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. मुस्लिम पक्ष ने कहा कि अभी मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होनी चाहिए, हिंदू पक्ष की तरफ से कुछ पक्षकार ने अपने कागज जमा किए. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई के लिए माननीय न्यायालय ने 23 सितंबर की डेट लगा दी है.इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री गंगा रानी चतुवेर्दी,राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर जमुना शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक,महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर,राहुल गौतम, महंत हरिदास बाबा, विश्व हिंदू परिषद के नेता जयराम शर्मा, बलराम चौधरी, मीडिया प्रभारी ऋचा शर्मा, प्रदेश मंत्री विनीता शर्मा आदि मौजूद रहे.

# रिक्शा चालक के खिलाफ दी तहरीर

शिकोहाबाद। नगर पालिका के पास ई रिक्शा चालक ने एक स्कूटी सवार युवक को 29 अगस्त को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया था। बुधवार को घायल के भाई ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने ई रिक्शा को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अभिजीत पुत्र राकेश सिह निवासी गंगा मार्केट कटरा बाजार 29 अगस्त को स्कूटी से दोस्त फैजल के साथ नगर पालिका के पास मोबाइल की दुकान पर गया था। इसी दौरान ई रिक्शा चालक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को अस्पताल ले गए जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया। आगरा में हालत गंभीर होने पर दिल्ली रैफर कर दिया। जहां युवक जिंदगी मौत के बीच जूझ रहा है। घायल के भाई अभिषेक ने थाने में ई रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गांव से शिकोहाबाद आए अधेड़ का सुराग नही,गुमशुदी दर्ज

शिकोहाबाद। गांव डडियामई से शिकोहाबाद आए एक अधेड़ का कोई सुराग नहीं लगा है। पीडित बेटी ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रतन सिह 49 पुत्र खुमान सिह निवासी डडियामई एक सितंबर को गांव से शिकोहाबाद के लिए आए थे। जब अधेड़ घर नहीं पहुँचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शूरू की। अधेड़ को सभी संभावित स्थान पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। अधेड़ की बेटी प्रेरणा ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर अधेड़ की तलाश शूरू कर दी है।

# विधायक विश्वनाथगंज एवं जिलाधिकारी द्वारा नवनिर्मित 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया गया लोकार्पण,

## मुख्यमंत्री जी द्वारा पोषण माह का शुभारम्भ एवं नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा माह सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जायेगा जिसके क्रम में आज समग्र पोषण थीम पर आधारित पोषण माह का शुभारम्भ एवं नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में किया गया।

सजीव प्रसारण का अवलोकन विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य सहित समस्त सीडीपीओ द्वारा किया गया। इसी क्रम में जनपद में नवनिर्मित 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों (वित्तीय वर्ष 2022-23) का लोकार्पण विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल व जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विभागीय कार्यो, कुपोषण दूर करने में उनकी भूमिका जैसे महत्वपूर्ण कार्यो एवं दायित्वों के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये।

सितम्बर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक दिवस की एक गतिविधि निर्धारित की गयी है जिसमें वृद्धि निगरानी बेहतर प्रशासन के लिये प्रौद्योगिकी, पोषण, पढ़ाई, ऊपर आहार, जन संवेदीकरण गतिविधियॉ जैसे थीम है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोषण माह की थीम के सन्दर्भ में चर्चा की।

# कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित अभ्यार्थी को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रमोद श्रीवास्तव

फरूर्खाबाद, ।जिले के एन0आई0सी0 फतेहगढ़ में नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में उ0प्र0अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित अभ्यार्थी को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस अवसर पर लोकभवन लखनऊ में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, उक्त भर्ती में पूरे प्रदेश में कुल1335 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है इसमें से जनपद के कुल 02 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है ,जिसमे से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित कु0 रश्मि निवासी नेकपुर कलां को लोकभवन में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्तपत्र दिया गया व कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित सूर्यकांत गंगवार नि0 ग्राम व पोस्ट भटासा, कायमगंज को एन0आई0सी0 में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पी0डी0 डी0आर0डी0ए0, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अधिषासी अभियंता सिचाई व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र बनबाने को निगम के चक्कर काट रही विधवा

फिरोजाबाद, थाना रसूलपुर क्षेत्र के नीबू वाला बाग निवासी एक विधवा पिछले दो साल से अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनबाने के लिये नगर निगम का चक्कर काट रही है परंतु उसे आज तक पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र नही मिल सका

थाना रसूलपुर क्षेत्र के नीबू वाला बाग निवासी सोनी देवी के पति सुनील कुमार की जहर खाने से दिनाँक 13 अगस्त 2022 को मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी जिला अस्पताल में कराया था।

सोनी देवी के अनुसार उसनेअपने पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र बनबाने के लिये नगर निगम मेंआवेदन किया था। लेकिन दो वर्ष का समय बीतने के बाद भी उसे अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र नही मिल सका।

बुधवार को सोनी देवी अपने पिता को साथ लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी करने जन्म मृत्यु कार्यालय में आयी। और वहाँ मौजूद एक अधिकारी से प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी हासिल की। जबाब में उसे बताया गया, कि तुम्हारे पति के प्रमाण पत्र के बारे में निगम से जांच करने कर्मचारी मौके पर गये तो उन्हें उपरोक्त पते पर यह जानकारी दी गयी। कि प्रमाण पत्र के आवेदन पर लिखा नाम की कोई महिला अब यहाँ नही रहती वह आगरा रहने लगी है।

जिसके कारण आवेंदन कैन्सिल हो गया है। उसके बाद उसे दुबारा आवेंदन करने को कहा गया है।

# टायर जलाने की फैक्ट्री में गर्म तेल का टैंक पलटा,चार श्रमिक झुलसे*

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र में टायर जलाने की फैक्ट्री में गर्म तेल का टैंक गिर जाने से वहां काम कर रहे चार श्रमिक झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

टायर जलाने की फैक्ट्री में हुए हादसे में आकाश पुत्र भैरूलाल, विशाल पुत्र दिनेश, भेरूलाल, तथा राहुल गरम तेल से झुलस गए।

हादसे से वहां हड़कंप मच गया। वहां काफी लोग एकत्रित हो गए।

आनन फानन में उन लोगों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए।

जहां उन लोगों को भर्ती कराया गया है। घायलों के साथ आए लोग घटना को लेकर कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे।

कई बार पूछने पर भी वह टालम टोल करते रहे। घायलों को उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

सभी घायल मध्यप्रदेश के झाबरा रतलाम के रहने वाले है। घायल ने बताया वह लोग कुछ दिन पहले ही आए है।

उनको घटना स्थल का पता नही है। कुछ लोगों ने घटना पेगू रोड की बताई है।

# दुकानदार ने ग्राहक के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

## मोबाइल की किश्त के अधिक पैसे खाते में चले जाने पर वापस मांगने गया था युवक

शिकोहाबाद। मटसेना के गांव नगला डरुआ निवासी मनीष कुमार ने शिकोहाबाद में रेलवे स्टेशन रोड़ स्थित शिवम सेल्स मोबाइल शॉप से एक मोबाइल किश्त पर खरीदा था। जिसकी किश्त उसके खाते से हर माह कट जाती है। इस माह उसके खाते से किश्त ज्यादा कट गई। जिससे मनीष शेष रुपयों की मांग करने दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि दुकानदार ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसके चोटें आई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल शोप पर मिले अमन यादव से जब उसने इस संबंध में बात की तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मारपीट कर दी।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर अमन यादव निवासी बेकार सखा और उसके साथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम सचिवालय पर हुई ग्रामसभा मौढ़ा की खुली बैठक

फिरोजाबाद। ग्राम सचिवालय मौढ़ा पर ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधान ने सभी ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के पात्र व्यक्ति अपने आवेदन पंचायत सचिवालय पर शीघ्र जमा कराये, जिससे उनका नाम सूची में दर्ज हो सके। और उन्हें आवास मिल सके।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने मीटिंग में कहा कि ग्रामीणजनों को ज्यादा से ज्यादा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना ही हम सब का उद्देश्य है।

इसके लिए चाहे जितनी भी मेहनत क्यों ना करनी पड़े। पंचायत के विकास में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण होता है, तभी पंचायतें विकसित और खुशहाल बन पाती हैं।

ग्राम पंचायत सचिव राम सेवक यादव ने प्रधानमंत्री आवास,जन्म मृत्यु सहित समस्त सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई और पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। विकास चतुवेर्दी जिला कोऑर्डिनेटर डायरिया कार्यक्रम ने डायरिया से बचाव के उपाय विस्तृत रूप से समझाएं और प्रैक्टिकल करके भी दिखाया। शिवराज सिंह जिला कोऑर्डिनेटर जल जीवन मिशन ने लोगों से पानी का दुरुपयोग रोकने का आवाहन किया।

बैठक में शैलेंद्र शुक्ला सरपंच,पुष्पलता शर्मा अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति,अरविंद दिवाकर,दिव्या सिंह प्रधानाध्यापिका,रूबी देवी एएनएम, रेखा देवी एवं सुमन पचौरी आंगनवाड़ी कार्यकत्री,शांति देवी,मंजू देवी,सुमन देवी,कृष्ण, कांति,सुधा पचौरी आशाएं,लोकेश भटेले राशन विक्रेता,दिवारी लाल यादव,लक्ष्मी नारायण,विनोद कुमार शुक्ला, मनोज कुमार,वेद प्रकाश,किशन चंद,रणजीत सिंह,ओमवती,नरेश कुमार,राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मिथलेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# फिरोजाबाद = नो एंट्री के बाद भी भारी वाहनों के प्रवेश से लग रहा जाम

## सुविधा शुल्क लेकर भारी वाहनों का नो एंट्री समय में करा दिया जाता है प्रवेश

(उमाकांत पचौरी)
ब्यूरो प्रमुख

फिरोजाबाद 4 सितंबर। शहर में लगने वाले जाम से



निजात दिलाने और भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा नो एंट्री लागू की गई थी। जिस पर नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना था। लेकिन आदेश होने के बाद सुविधा शुल्क लेकर यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कराकर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे शहर की ट्राफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिसपर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस विभाग। वहीं नो इंट्री में वाहनों के आवागमन के चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के सुभाष तिराहा गांधी पार्क चौराहा कोटला चुंगी चौराहा जलेसर रोड चौराहा नगला बरी चौराहा और आसफाबाद चौराहे से भारी वाहन दिन भर नो एंट्री के समय में प्रवेश करते देखे जा सकते हैं बताया तो यहां तक जाता है कि इन चौराहों पर कुछ विशेष यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी दी जाती है ।

नो इंट्री में दौड़ते वाहन ट्रैफिक नियमों की खिल्ली उड़ाते नजर आ रहे है। जबकि सब कुछ देखकर भी पुलिस मौन बनी हुई है। पुलिस की कार्यशैली देखकर लगता है कि लोगों को जाम से मुक्ति मिलने वाली नहीं है। पुलिस की सह पर प्रतिदिन नियमों को ताक पर रख कर भारी वाहनों का दिनभर आवागमन होता रहता है। बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के चलते शहरवासियों के समक्ष प्रतिदिन शहर में आने-जाने में समस्या खड़ी हो रही है।

शहर में सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में स्थित एक ट्रांसपोर्टर द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नो एंट्री समय में भी भारी वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर शहर में प्रवेश करा दिया जाता है जिसके कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है । दिन में ही भारी वाहन शहर में प्रवेश करते रहते हैं। वैसे तो शहर में यातायात की समस्या वर्षो से ढीली-ढाली बनी हुई है। यातायात पुलिस की अनदेखी के कारण भी जाम की समस्या बनी रहती है ।

# रुक रुक कर हुई बरसात से रेलवे पुल में पानी भरने से शहर दो भागों में बंटा

फिरोजाबाद , मंगलवार की आधी रात बाद रुक रुक कर शुरू हुई बारिश जो बुधवार की प्रातः 06 बजे तक जारी रही जिसके चलते शहर के निचले इलाकों में जलभराव के कारण तक ही सीमित रहती है। लेकिन जिस तरह से नाले- नालियों की तली झाड़ सफाई होनी चाहिये, वह नही हो पाती। जिसके चलते शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या जस की



आवागमन अस्त व्यस्त हो गया नगर के चन्द्रवार गेट पर बना ओवरब्रिज के नीचे वर्षा का पानी भरने से शहर दो भागों में कट गया लोगो को रेलवे लाइन पार करने साथ अन्य रास्तो पर होकर निकलने को मजबूर होना पड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ ड्रीम प्रोजेक्ट बनाने पर करोड़ो रुपए खर्च किया जा रहा है। लेकिन शहर की जल निकासी की व्यवस्था की तरफ किसी का कोई ध्यान नही है। नाले नालो की सफाई के लिये सरकार द्वारा दी गयी करोड़ो की धनराशि अखबारों में समाचार छपवाने तस बनी हुई है। शहर के बाहरी इलाको की स्थिति यह है, कि बरसात का पानी घरों व दुकानों में भर जाता है। राष्ट्रीय राज मार्ग के किनारे बने सर्विस रोड के अलावा विभिन्न मोहल्लों में जलभराव होने के कारण सड़के नाले नालियों का रूप धारण कर लेती है।

यही हाल चन्द्रवार गेट पर बने रेलवे ओवरब्रिज का है। जिसमे मंगलवार की देर रात से होने वाली बारिश के कारण उसमे जलभराव होने के कारण लोगो को अपने दैनिक कार्य से जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। एवं शहर दो भागों में बंटा नजर आया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सम्बन्ध में मीडीया कर्मियों को दी जानकारी।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लिए सभी बेघर एवं आवास विहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इसमें नये सिरे से सर्वे का कार्य



कराया जा रहा है, साथ ही पात्र लोग ही इसका लाभ प्राप्त कर सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि पात्र परिवार, लाभार्थी का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली पात्रता सूची में सम्मिलित हो इसके लिए निम्न मानक निर्धारित किए गए हैं। आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा एवं भीख मांगने वाले, जीवन यापन करने वाले परिवार, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर।

इसके अलावा वह लोग अपात्र समझ जाएंगे जो इन मानको के तहत आते हैं, जिनके पास मोटर युक्त तिपहिया, चैपहिया वाहन हो, मशीनी तिपहिया चैपइयां कृषि उपकरण हो, 50 हजार या इससे अधिक की ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक, वह परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाले परिवार, वह परिवार जिनका कोई सदस्य रुपए 15 हजार से अधिक प्रतिमाह कमा रहा हो, आयकर देने वाले परिवार, व्यवसाय करने वाले परिवार, वह परिवार जिनके पास ढाई एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, वह परिवार जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक की असिंचित भूमि हो।

इस संबंध में जिलाधिकारी रमेश रंजन ने संबंधितों को निर्देशित किया कि इस योजना का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक कराया जाए जिससे इस योजना से पात्र लाभार्थियों को मदद मिल सके पात्रता एवं अपात्रता के मानको को ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर वॉल राइटिंग कराई जाए जिससे जन सामान्य को इस योजना के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि तहसील एवं थाना दिवसों में खंड विकास अधिकारी प्रचार प्रचार की व्यवस्था कराएंगे। योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए विकासखंड में निर्मित किए गए मॉडल आवासों को चिन्हित लाभार्थियों को दिखाया जाए।

जिलाधिकारी ने इस योजना के विषय में मीडिया कर्मियों का अवगत कराते हुए बताया कि इस योजना में नई सिरे से सर्वे होगा। साथ ही साथ इसमें दो महत्वपूर्ण बदलाव भी ले गए हैं पहले जिन व्यक्तियों की प्रतिमाह औसत आय 10000 होती थी उनको इसका पात्र नहीं माना जाता था परंतु अभी सीमा को बढ़ाकर 15000 कर दिया गया है साथ ही पहले दो पहिया वाहन रखने वालों को भी इस योजना का लाभ नहीं दिया जाता था परंतु अब उन्हें इस सीमा से बाहर कर दिया गया है। अब मोटर युक्त तिपहिया या चैपाइयां वाहन रखने वाले इसके अपात्र माने जाएंगे परंतु दो पहिया वाहन रखने वाले इसकी पात्रता की श्रेणी में आएंगे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अमेजिंग वर्ल्ड में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की कार्यशाला का हुआ आयोजन

सिरसागंजः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के




तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं प्रबंधक डॉ रुचि खंडेलवाल के संयोजन में सम्पन्न हुई।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी ँ३३स्र२://५५.ङ्क्ष्ॅ.ल्ल पर कर सकते हैं।

रुचि खंडेलवाल ने सभी शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं। कार्यशाला का सफल संचालन प्रधानाचार्या सुश्री ललिता वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर श्रीमती गुंजन चतुर्वेदी, शिवानी सिंह, हनी कुमार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गैंगरेप के दो दोषियों को आजीवन कारावास

*फिरोजाबाद। न्यायालय ने सामूहिक बलात्कार के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोनों पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना टूंडला क्षेत्र स्थित एक गांव में धार्मिक आयोजन 2021 में हुआ था। समापन पर भंडारा हुआ। एक महिला भंडारा खाने गई थी।

उसी दौरान दो लोगों ने एक कोठरी में महिला के साथ बारी बारी रेप किया। महिला ने थाने में वहीद ऊर्फ छोटे पुत्र मुन्ने खा तथा महेंद्र पुत्र चरण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट में चला। न्यायालय ने गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर दोनों को दोषी माना।

न्यायालय ने वहीद तथा महेंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

दोनों पर एक एक लाख रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर दोनों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोनों को सजा दिलाने में विशेष लोक अभियोजक तथा कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल हरेंद्र शर्मा ने विशेष भूमिका निभाई। यह जानकारी पुलिस मीडिया सेल से मिली।

# ग्राम पंचायत मौढा सचिवालय पर हुई ग्रामसभा की खुली बैठक ।

फि रोजाबाद प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के पात्र व्यक्ति अपने आवेदन पंचायत सचिवालय पर शीघ्र जमा कराये जिससे उनका नाम सूची में दर्ज हो सके और उन्हें आवास मिल सके।





ग्राम पंचायत सचिव राम सेवक यादव ने प्रधानमंत्री आवास , जन्म मृत्यु सहित समस्त सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई और पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

विकास चतुर्वेदी जिला कोऑर्डिनेटर डायरिया कार्यक्रम ने डायरिया से बचाव के उपाय विस्तृत रूप से समझाएं और प्रैक्टिकल करके भी दिखाया।

शिवराज सिंह जिला कोऑर्डिनेटर जल जीवन मिशन ने लोगों से पानी का दुरुपयोग रोकने का आवाहन किया।

बैठक में शैलेंद्र शुक्ला लाल यादव , लक्ष्मी नारायण , विनोद कुमार शुक्ला , मनोज कुमार , वेद प्रकाश , किशन चंद , रणजीत सिंह , ओमवती , नरेश कुमार , राजेंद्र सिंह , रमेश चंद , गोपाली , थान सिंह , राकेश कुमार , मुन्नालाल , राजनश्री , सरपंच , पुष्पलता शर्मा अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति , अरविंद दिवाकर , दिव्या सिंह प्रधानाध्यापिका , रूबी देवी एएनएम , रेखा देवी एवं सुमन पचौरी आंगनवाड़ी कार्यकत्री , शांति देवी , मंजू देवी , सुमन देवी , कृष्ण कांति , सुधा पचौरी आशाएं , लोकेश भटेले राशन विक्रेता , दिवारी रामवीर सिंह , रामपाल , शिवचरण , राकेश कुमार , राजीव कुमार , गुलशन कुमार , भंवर सिंह हुलासीराम , कुलदीप आदि सहित अनेकों लोगों ने भाग लिया।

अंत में अध्यक्षता कर रही प्रधान श्रीमती मिथलेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# तीसरे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर किया शिक्षण कार्य

शिकोहाबाद। अटेवा द्वारा एनपीएस,यूपीएस का विरोध किया जा रहा है। इसके लिए संगठन द्वारा एक से छह सितंबर तक विरोध मनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में बुधवार को पाली इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने तीसरे दिन भी काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया।

सरकार द्वारा यूपीएस लागू कर दिया है। लेकिन शिक्षक एवं कर्मचारी इससे खुश नहीं हैं। शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी संगठनों से अटेवा द्वारा नयी पेंशन स्कीम का विरोध करने का आह्वान किया था। जिसके बाद से एक से छह सितंबर तक सभी शिक्षण संस्थानों के साथ ही अन्य कार्यालयों में भी कर्मचारियों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। सांकेतिक रूप से शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी बांह में काली पट्टी बांध कर कार्य करते हुए सरकार द्वारा लाई गई नई पेंशन स्कीम यूपीएस का विरोध करते हुए पुरानी पैंशन बहाली की मांग की। विद्यालय में विरोध का नेतृत्व कर रहे डॉ. राघवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह विरोध छह सितंबर तक चलेगा। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी जो निर्णय लेंगे उनके आह्वान पर हम आंदोलन के लिए तैयार हैं। विरोध करने वालों में राजपाल सिंह, प्रेमस्व रूप, शशांक पाठक, हरिओम, डॉ. नीलम यादव, सीमा सिंह, लता तिवारी, संगीता, डॉ. अजब सिंह, सोनम पालीवाल, राम मोहन पालीवाल, संतोष यादव, राजकुमार सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहे।

# पालिका सड़क पर डाल रही कूड़ा, गंदगी से राहगीर परेशान

## टंचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े का टेंडर होने के बाद पालिका पर नहीं है कूड़ा डालने को जगह

## नहर विभाग द्वारा पालिका को नहर पटरी पर कूड़ा डालने को दिया जा चुका है नोटिस

शिकोहाबाद। नगर पालिका द्वारा नगर से निकलने वाले कूड़े को इधर-उधर सड़कों पर फेंका जा रहा है। जिसकी बजह से सड़क से निकलने वाले राहगीर बदबू का सामना कर रहे हैं। सड़क पर पड़ी गंदगी से जहां एक तरफ लोग बदबू झेल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हादसे का भी सबब बन सकती है सड़क पर पड़ी गंदगी। लोगों ने पालिका प्रशासन से गंदगी को सड़क से उठवाने की मांग की है।

नगर पालिका द्वारा नगर से निकलने वाले कूड़े कचरे को टंचिंग ग्राउंड में डाला जा रहा था। इस कूड़े के निस्तारण को पालिका ने उसका टेंडर कर दिया है। जिसकी बजह से अब पालिका के पास कूड़ा एकत्रित करने के लिए कोई स्थान नहीं है। इसके चलते पालिका ने पहले नहर पटरी पर कूड़ा डालना शुरू किया था। नहर पटरी पर कूड़ा डालने से गंदगी नहर के पानी में भी जा रही थी। जब इसकी जानकारी सिंचाई विभाग को हुई तो अधिशाषी अभियंता सिंचाई नीरज कुमार ने पालिका को गंदगी नहर पटरी पर ना डालने और पड़ी हुई गंदगी को शीघ्र उठवाने के लिए नोटिस भेजा था। जिसके बाद पालिका ने नहर पटरी पर गंदगी डालना तो बंद कर दिया, अब सड़क किनारे फेंकी जा रही है। शिकोहाबाद-मैनपुरी मार्ग पर कुमार डेयरी के आगे से पराग डेयरी तक सड़क किनारे काफी गंदगी पड़ी है। जिसमें आवारा जानवर (शूकर) कचड़े को इधर-उधर फैला रहे हैं।

गंदगी ने आदी सड़क को घेर लिया है। जिससे वाहन निकलने में भी भारी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही इस एरिया से निकलते समय लोगों को नाक और मुंह बंद करके गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि वह सड़क पर गंदगी न फैलाए। इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कभी भी कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

इस संबंध में ईओ सुरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है। बृहस्पतिवार को सफाई निरीक्षक को भेज कर पता कराया जाएगा।

अगर पालिका द्वारा गंदगी डाली गई है तो उसे सड़क से हटवा दिया जाएगा। अगर किसी और ने गंदगी डाली है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# 42 कोविद कर्मियों को समायोजन का तोहफा, सदर विधायक का आभार

शिकोहाबाद। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को समायोजन का तोहफा मिल गया है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे गए कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब तकनीशियन और ओटी टेक्नीशियन को ब्लॉकों व एनएचएम के विभिन्न कार्यक्रमों में रिक्त पदों पर निर्धारित मानदेय पर रखा जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर समायोजन का निर्देश दिया है।

कोरोना संक्रमण के दौरान आउटसोर्स पर नियुक्त हुए स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा विगत 31 जुलाई को समाप्त हो गई थी। बेरोजगार हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने डीएम से लेकर डिप्टी सीएम तक फरियाद लगाई थी। इससे प्रमुख सचिव ने जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर बताया कि 15 में वित्त आयोग के तहत विभिन्न विकासखंडों में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति की जानी है, जिसमें कोविद के समय के कंप्यूटर ऑपरेटर को रखा जाए। एनएचएम के विभिन्न कार्यक्रमों में लैब अटेंडेंट व ओटी टेक्नीशियन के पद रिक्त हैं, जिनके कोविद कर्मियों को ही समायोजित किया जाए। इसी प्रकार लैब टेक्नीशियन वेंटिलेटर टेक्नीशियन व अन्य कर्मियों को भी समायोजित किया जाना है। इसकी पहल नगर विधायक मनीषा असीजा ने भी जिलाधिकारी से की थी। इस खुशी के बाद बुधवार दोपहर मनीष असीजा के आवास पर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आईटी उपाध्यक्ष बृजेश कुमार, बृजेश, आरती, अनीता, इरफान, अमित ने मनीष असीजा के अच्छे कार्य को लेकर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनकी सराहना की।

# यूटा नारखी ब्लॉक की कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठ

फिरोजाबाद। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा ब्लाक कार्यसमिति नारखी की एक बैठक कंपोजिट विद्यालय मुईउद्दीन न्याय पंचायत पचवान पर हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के निदेर्शानुसार व यूटा फिरोजाबाद की जिलाध्यक्ष जया शर्मा एवं जनपद कार्यकारणी द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में ब्लॉक नारखी कार्यसमिति के पुनर्गठन व निर्वाचन का कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय मुईउद्दीन न्याय पंचायत पचवान ब्लॉक नारखी में बुधवार को आयोजित किया गया।

चुनाव प्रकिया के क्रम में जिलाध्यक्ष जया शर्मा द्वारा सभी पदाधिकारियों को यूटा की नीति और रीति से अवगत कराते हुए उनकी घोषणा की। यूटा शिक्षा और शिक्षक हित में सदैव तत्पर हैं। उसका एकमात्र लक्ष्य भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान है, जो हमेशा चलता रहेगा । यूटा नारखी ब्लॉक कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजपूत जिला महामंत्री द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भगवान दास शंखवार शामिल हुए। जिहोंने यूटा की नीतियों से अवगत कराया व सभी को प्रोत्साहित किया। सर्व प्रथम ब्लॉक नारखी की आदर्श शिक्षिका ज्योति शर्मा को यूटा की महिला जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। यूटा नारखी ब्लॉक कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष ने निधि शर्मा को नारखी ब्लॉक अध्यक्ष मनोनित किया। ब्लॉक अध्यक्षा ने जिलाध्यक्षा को विश्वास दिलाया कि जो दायित्व उन्हें दिया गया है वो पूर्णमनोयोग के साथ उसका निर्वहन करेंगे।

यूटा नारखी की कार्यकारिणी निम्नवत है

निधि शर्मा. ब्लॉक अध्यक्षा
विजय सिंह ब्लॉक महामंत्री
किशन सिंह. ब्लॉक संगठन मंत्री, अरुण ब्लॉक संयुक्त मंत्री एवम जिला कार्यकारिणी विस्तार में उक्त पदाधिकारीयो ने विश्वास दिलाया है कि जो भी दायित्व जिला अध्यक्ष ने उन्हें दिया है वो उसको पूर्ण मनोयोग के साथ निभाएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com